

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



वर्ष 03, अंक 212 | ग्वालियर शनिवार 8 अगस्त 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


मध्य प्रदेश- आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश का रोडमैप बनाने के लिए वेबिनार शुरू; मुख्यमंत्री ने कहा-

## कोरोना ने अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ दी है




**भोपाल।** आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश का रोडमैप बनाने के लिए शुक्रवार से वेबिनार शुरू हो गया है। ये सीरीज है, जो 15 अगस्त को सामने आएगा। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया। मुख्यमंत्री ने कहा- कोरोना ने अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ दी है, पर अब हम हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठे रह सकते हैं। अलग-अलग पहलुओं को ध्यान में रखकर आर्थिक सशक्तिकरण की ओर भी अनेक कदम उठाए गए हैं। सीएम शिवराज ने कहा कि %आत्मनिर्भर मप्र के रोडमैप के लिए आप सभी विशेषज्ञ आज चर्चा करेंगे, मंथन करेंगे। मुझे विश्वास है कि इस मंथन से अमृत निकलेगा और मैं उस अमृत को जनता तक पहुंचाऊंगा। आपके बहुमूल्य सुझावों का इम्प्लीमेंटेशन किया जाएगा। हमें प्रदेश की संपदाओं का दोहन कर आत्मनिर्भर एमपी का निर्माण करना है। 7 से 11 अगस्त तक चलने वाले वेबिनार का शुभारंभ 7 अगस्त को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सुबह 11 बजे करेंगे। इस वेबिनार में मध्य प्रदेश शासन के मंत्री, नीति आयोग के विशेषज्ञ, शिक्षाविद, विषय विशेषज्ञ और संबंधित विभागीय अधिकारी शामिल होंगे। 7 अगस्त के बाद अलग-अलग विषयों पर चर्चा के लिए 8, 10 और 11 अगस्त को भी वेबिनार आयोजित किये जाएंगे। वेबिनार सीरीज में पहला वेबिनार भौतिक अद्योसंरचना सेक्टर पर है। इसमें नोडल अधिकारी अपर मुख्य सचिव नर्मदा घाटी विकास एवं पर्यटन आईसीपी केशरी एवं नीति आयोग के सलाहकार संजय शाह द्वारा प्रजेंटेशन दिया है। वेबिनार के दूसरे सत्र में एमएपीआईटी एपीएस टीम और सब ग्रुप सदस्यों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी और निर्धारित विषयों जल, पर्यटन, ऊर्जा, सड़क, शहरी विकास एवं अधोसंरचना और परिवहन एवं लॉजिस्टिक विषयों पर प्रेजेन्टेशन होगा।

### ये मंत्री भी शामिल हुए हैं

वेबिनार में मंत्री गोपाल भार्गव, तुलसीराम सिलावट, विजय शाह, यशोधरा राजे सिंधिया, भूपेंद्र सिंह, ऐंदल सिंह कंसाना, विश्वास सारंग, प्रद्युम्न सिंह तोमर, उषा ठाकुर, भरत सिंह कुशवाह और इंदर सिंह परमार वेबिनार में भाग लेंगे। सीएम शिवराज ने सभी मंत्रियों से अपने अपने विभागों से भी सुझाव और रोडमैप बनाने के लिए कहा है।

नई शिक्षा नीति रखेगी नये देश की नींव


## ये सिर्फ सर्कुलर नहीं बल्कि एक महायज्ञ है : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** देश में नई शिक्षा नीति की घोषणा के बाद मानव संसाधन विकास मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ओर से आयोजित कॉन्क्लेव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि तीन-चार साल के विचार-मंथन के बाद नई शिक्षा नीति को मंजूरी मिली है। आज हर विचारधारा के लोग इस मसले पर मंथन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज इस नीति का कोई विरोध नहीं कर रहा है, क्योंकि इसमें कुछ भी एक तरफा नहीं है। अब लोग सोच रहे हैं कि इतने बड़े रिफार्म को जमीन पर कैसे उतारा जाएगा। ये सिर्फ कोई सर्कुलर नहीं बल्कि एक महायज्ञ है, जो नए देश की नींव रखेगा और एक सदी तैयार करेगा। संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि अब इसे जमीन पर उतारने के लिए जो भी करना होगा, वो जल्द किया जाएगा। आपको इसे लागू करने में जो भी मदद चाहिए, मैं आपके साथ हूं। शिक्षा नीति में देश के लक्ष्यों का ध्यान रखना जरूरी है, ताकि भविष्य के लिए पीढ़ी को तैयार किया जा सके। ये नीति नए भारत की नींव रखेगी। भारत को ताकतवर बनाने के लिए नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए अच्छी शिक्षा जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज जब नर्सरी का बच्चा भी नई तकनीक के बारे में पढ़ेगा, तो उसे भविष्य की तैयारी करने में आसानी मिलेगी। कई दशकों से शिक्षा नीति में बदलाव नहीं हुआ था, इसलिए समाज में भेड़चाल को प्रोत्साहन मिल रहा था। कभी डॉक्टर-इंजीनियर-वकील बनाने की होड़ लगी हुई थी। अब युवा क्रिएटिव विचारों को आगे बढ़ा सकेगा, अब सिर्फ पढ़ाई नहीं बल्कि वर्किंग कल्चर को डेवलेप किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे सामने सवाल था कि क्या हमारी नीति युवाओं को अपने सपने पूरा करने का मौका देती है। क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था युवा को सक्षम बनाती है। नई शिक्षा नीति को बनाते समय इन सवालों पर गंभीरता से काम किया गया है। दुनिया में आज एक नई व्यवस्था खड़ी हो रही है, ऐसे में उसके हिसाब से एजुकेशन सिस्टम में बदलाव जरूरी है। अब 10+2 को भी खत्म कर दिया गया है, हमें विद्यार्थी को ग्लोबल सिटीजन बनाना है, लेकिन उन्हें अपनी जड़ों से जुड़े रहें। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जितनी ज्यादा जानकारी स्पष्ट होगी फिर उतना ही आसान इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति का इंप्लीमेंटेशन भी होगा। 3-4 साल के व्यापक विचार-विमर्श के बाद, लाखों सुझावों पर लंबे मंथन के बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति को स्वीकृत किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब गांवों में जाएंगे, किसान को, श्रमिकों को, मजदूरों को काम करते देखेंगे, तभी तो उनके बारे में जान पाएंगे, उन्हें समझ पाएंगे, उनके श्रम का सम्मान करना सीख पाएंगे। इसलिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति में छात्र शिक्षा और डिग्निटी ऑफ लेबर पर बहुत काम किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक प्रयास ये भी है कि भारत का जो टेलेंट है, वो भारत में ही रहकर आने वाली पीढ़ियों का विकास करे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में टीचर ट्रेनिंग पर बहुत जोर है, वो अपनी स्किल लगातार अपडेट करते रहें, इस पर बहुत जोर है।



एक हफ्ते में दूसरी बार 24 घंटे में

## सबसे अधिक केस भारत में, पीछे छूटे यूएस और ब्राजील



**नई दिल्ली।** भारत में एक बार फिर कोरोना वायरस के मामलों ने रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पिछले 24 घंटे में दुनिया में किसी भी देश से सबसे अधिक केस भारत से आए हैं। शुक्रवार सुबह जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत में कुल 62 हजार से अधिक केस आए। जबकि भारत के बाद अमेरिका और ब्राजील का नंबर रहा। ऐसा पिछले एक हफ्ते में दूसरी बार हुआ है, जब भारत इस लिस्ट में सबसे ऊपर आया है, इससे पहले 3 अगस्त को भारत में 52 हजार के करीब मरीज मिले थे, तब भी वे दुनिया में सबसे अधिक थे। भारत में करीब 62 हजार मामले सामने आए हैं, जबकि अमेरिका में करीब 59 हजार और ब्राजील में 53 हजार केस आए हैं। दुनिया में इस वक्त ये तीन देश ही ऐसे हैं, जहां पर हर रोज आधे से अधिक केस सामने आ रहे हैं। भारत में पिछले करीब दो हफ्तों से हर रोज आने वाले केस का औसत 50 हजार से अधिक है। हालांकि, अगर मौत का आंकड़ा देखें तो पिछले 24 घंटे में अमेरिका में 1024 से अधिक मौत हुई हैं जबकि भारत में 900 से अधिक मौतें हुई हैं। ब्राजील में पिछले 24 घंटे में 1226 मौतें हुई हैं।

## 20 लाख का आंकड़ा पार, गायब है मोदी सरकार : राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने देश में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले 20 लाख से अधिक हो जाने को लेकर आरोप लगाया कि अब सरकार गायब हो गई है। उन्होंने ट्वीट किया ?कि 20 लाख का आंकड़ा पार, ग़ायब है मोदी सरकार। कांग्रेस नेता ने 17 जुलाई का अपना एक ट्वीट रीट्वीट भी किया जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर इसी गति से मामले बढ़ते रहे तो 10 अगस्त तक संक्रमण के मामले 20 लाख को पार कर जाएंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में 24 घंटे में कोविड-19 के रिकॉर्ड 62,538 मामले आने के साथ ही संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 20,27,074 पर पहुंच गई और 886 और लोगों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या 41,585 हो गई।

## मनोज सिन्हा ने जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल के तौर पर ली शपथ



**श्रीनगर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के नए उपराज्यपाल के तौर पर शपथ ग्रहण की। वह पहले नेता हैं,जिन्होंने केंद्र शासित प्रदेश का प्रभार संभाला है। जम्मू-कश्मीर की मुख्य न्यायाधीश गीता मित्तल ने राज भवन में उन्हें पद की शपथ दिलाई। सिन्हा को ग्रामीण इलाकों में लोगों से उनके जुड़ाव के लिए जाना जाता है। 61 वर्षीय सिन्हा ने पूर्व आईएएस अधिकारी गिरीश चंद्र मुर्मू की जगह ली है, जिन्होंने बुधवार रात इस्तीफा दे दिया था। मुर्मू को बृहस्पतिवार को नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) नियुक्त किया गया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में फारुक खान, बशीर खान सहित पूर्व उपराज्यपालों के सलाहकार रहे अन्य लोगों के साथ ही वरिष्ठ नौकरशाह एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे। राज्यसभा सदस्य नजीर अहमद लवाय, भाजपा से लोकसभा सदस्य जुगल किशोर शर्मा और जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी के नेता गुलाम हसन मीर भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## देश में चली पहली किसान ट्रेन




**नई दिल्ली।** कोरोना काल में देश में एक छोर से दूसरे छोर तक ताजा सब्जी, फल, फूल और मछली पहुंचाने के लिए आज से स्पेशल किसान ट्रेन शुरू की गई है। देश की पहली किसान ट्रेन को रेल मंत्री पीयूष गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हरी झंडी दिखाई गई। भारतीय रेलवे की यह पहली किसान ट्रेन महाराष्ट्र के देवलाली (नासिक) से सात अगस्त को रवाना होकर बिहार के दानापुर पहुंचेगी। यह ट्रेन खानपान की वस्तुओं के साथ अगले दिन वापस लौटेगी। आने वाले समय में यह ट्रेन महाराष्ट्र से अंगूर और प्याज जैसी चीजें लेकर जाएगी और बिहार से पान, मखाना, ताजा सब्जियां और मछली लेकर लौटेगी। भारतीय रेलवे और कृषि मंत्रालय के संयुक्त प्रयास के बाद स्पेशल किसान ट्रेन की शुरुआत की जा रही है।

## पतंजलि पर 10 लाख का फाइन



**चेन्नई।** योग गुरु बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि की ओर से %कोरोनिल ब्रांड का इस्तेमाल किए जाने पर मद्रास हाई कोर्ट ने 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही हाई कोर्ट ने कोरोनिल शब्द का इस्तेमाल बंद करने का आदेश भी दिया है। दरअसल पतंजलि आयुर्वेद ने पिछले दिनों कोरोना की दवा लॉन्च करने का दावा किया था, जिसका नाम कोरोनिल था। लेकिन सरकार से इसे मंजूरी नहीं मिली और अब पतंजलि अपने इम्युनिटी बूस्टर उत्पादों को इसी नाम से बेच रही है। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस सीवी कार्तिकेयन ने कहा, %बचाव पक्ष (पतंजलि) ने खुद इस कानूनी प्रक्रिया को मोल लेने का काम किया है। वह आसानी से चेक कर सकती थी कि कोरोनिल एक रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क है।जस्टिस कार्तिकेयन ने कहा कि पतंजलि को यह समझना चाहिए कि व्यापार में कोई समानता जैसी चीज नहीं होती।

सुशांत सिंह राजपूत की कथित आत्महत्या मामले में

## रिया ने कहा अभी कोर्ट में लंबित है मामला, फिलहाल पूछताछ टालें, ईडी ने अनसुना किया अभिनेत्री का आग्रह



**मुंबई।** सुशांत सिंह राजपूत आत्महत्या मामले में पैसों के लेनदेन को लेकर प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार उनकी दोस्त और अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को पूछताछ के लिए बुलाया है। पूछताछ के लिए अभिनेत्री को समन जारी किया गया था, लेकिन उन्होंने ईडी से इसे टालने का अनुरोध किया है। रिया ने तर्क दिया है कि उनकी याचिका सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, लिहाजा पूछताछ को फिलहाल टाल दिया जाना चाहिए, लेकिन सूत्रों के अनुसार ईडी ने रिया का निवेदन ठुकरा दिया है। रिया चक्रवर्ती के वकील सतीश मानशिंदे ने कहा अभिनेत्री ने सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई की वजह से अपने बयान की रिकॉर्डिंग स्थगित करने का अनुरोध किया है। बता दें कि ईडी ने इस मामले में 15 करोड़ रुपए के संदिग्ध लेनदेन को लेकर केस दर्ज किया है। ईडी आर्थिक अपराध से जुड़े मामलों की जांच एजेंसी है। रिया चक्रवर्ती ने सुशांत सिंह मामले की सीबीआई जांच पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि फेडरलिज़्म के खिलाफ है। सुशांत सिंह राजपूत की कथित आत्महत्या मामले में अभिनेता के पिता केके सिंह ने पटना में रिया चक्रवर्ती व कुछ अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। इस मामले में बिहार पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया है। इसमें रिया चक्रवर्ती और उसके परिवार के सदस्यों के सुशांत सिंह राजपूत के संपर्क में उनके पैसे को हड़पने का एकमात्र मकसद बताया गया है। बिहार पुलिस ने कहा कि बाद में उन्होंने सुशांत की मानसिक बीमारी की झूठी तस्वीर तैयार कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने रिया चक्रवर्ती की याचिका पर बिहार सरकार और महाराष्ट्र सरकार समेत सभी पक्षों से तीन दिनों के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा था।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

# ओ पी एस भदोरिया को मेहगांव विधानसभा से जीता कर क्षेत्र के विकास के लिए प्राथमिकता तय करें : अनूप मिश्रा

## उपचुनाव की तैयारी को लेकर मेहगांव सोनी गोरमी में लोधी एवं ब्राह्मण समाज की बैठक में बोले पूर्व मंत्री मिश्रा

**भिण्ड।** पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा ने कहा कि मध्य प्रदेश के 2। विधानसभा सीटों पर उप चुनाव होने जा रहे हैं जिसमें आपका मेहगांव सोनी गोहद भी शामिल हैं। हम सब कार्यकर्ता अपनी अहम जिम्मेदारी के साथ प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की मजबूती के लिए प्रत्येक पोलिंग बूथ से भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी जीते जिसकी जिम्मेदारी हम सब किसान मोर्चा की कार्यकर्ताओं की है। यह उद्गार उन्होंने गोरमी के भाजपा नेता श्री कृष्ण कटारे के फार्म हाउस एवं लोधी, ब्राह्मण समाज की बैठक को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। पूर्व मंत्री मिश्रा ने कहा कि उपचुनाव नहीं यह मेन चुनाव है जिस में हम सब कार्यकर्ता एकजुट होकर ओ पी एस भदोरिया की ताकत को मजबूत करते हुए भोपाल पहुंचाएं और राज्यमंत्री के रूप में जो आपको सौगात मिली है जिससे वे जनता के विकास के लिए प्राथमिकता के आधार पर काम कर सके। पूर्व मंत्री मिश्रा ने कहा कि भाजपा एक वट वृक्ष के समान है जिसकी पत्तियां के रूप में संगठनात्मक मोर्चा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता अपने दायित्व का निर्वाह कर रहे हैं जो कि एक अभिन्न अंग हैं। उपचुनाव में जिस कार्यकर्ता को पोलिंग बूथों तक की जिम्मेदारी मिले वे ईमानदारी संघर्ष परिश्रम पराकाष्ठा कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी से अपने दायित्व का निर्वाह कर मेहगांव विधानसभा किसे राज्य मंत्री के रूप में





ओपीएस भदोरिया को जिता कर उन्हें भोपाल पहुंचाएं जिससे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार मजबूती के साथ मेहगांव छेत्र के विकास को आगे बढ़ा सकें। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि जब हम अपने दावों का पूर्ण रुप से पालन करेंगे तो निश्चित ही भाजपा मेहगांव के 218 मतदान केंद्रों पर जीत हासिल कर मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह जी के नेतृत्व में एक नई मिसाल बन कर उभरेंगे, साथ ही 15 माह से कमलनाथ की पूर्व कांग्रेस सरकार ने झूठ की मंडली बनाकर अपने मंत्रियों से किसानों को लूटा और उनके साथ छलावा किया। इन सभी जन विरोधी नीतियों को भी हमें किसानों की चौपाल चौपाल पर रखना होगा।

### लोधी राजपूत समाज को आगे बढ़ाने में भाजपा ने हमेशा पूरी कोशिश की : मिश्रा

**भिंड।** नगर के मेहगांव रोड पर स्थित सिद्धि विनायक गार्डन में लोधी राजपूत समाज की परिचय बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री अनूप मिश्रा एवं विशेष अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश सरकार में राज्य मंत्री ओपीएस भदौरिया पूर्व विधायज राकेश शुक्ला मथुरा प्रसाद महंत पूर्व खनिज विकाष निगम के अध्यक्ष कोक सिंह नरवरिया पूर्व मंडी अध्यक्ष देवेन्द सिंह नरवरिया मायाराम शर्मा अमृत पाल बधेल गुरुदेव नरवरिया बंटी राजपूत मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक जेल सिंह नरवरिय एवं नरवरिया समाज के अन्य बरिष्ठ नेता मंचासीन थे। सभी अतिथियों का स्वागत मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक एवं जेल सिंह नरवरिया ने किया।इस अबसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा ने कहा कि लोधी राजपूत समाज हमेशा एक प्रगतिशील समाज माना गया। इस समाज को आगे बढ़ाने में भाजपा ने हमेसा अहम भूमिका निभाई है। भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती कल्याण सिंह केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल जैसे बड़े चेहरों को समय समय पर बड़ी जिम्मेदारी दी है और आगे भी भाजपा इस समाज को आगे बढ़ाने में पूरी मदत करेगी। इस लिये आगामी उपचुनाव में आप लोगो को भाजपा का साथ देना होगा जिससे प्रदेश में एक लोकप्रिय सरकार आगे भी चलती रहे। इस अबसर पर विशेष अतिथि राज्यमंत्री मध्यप्रदेश सरकार ओपीएस भदौरिया ने कहा कि लोधी राजपूत समाज ने हमेशा मेरी पूरी मदद की है और इस समाज के लिये में अपनी पूरी तागत लगा दूंगा। आपको जब मेरी जरूरत हो एक आवाज देना में आपके सामने खड़ा मिलूँगा। पूर्व विधायक राकेश शुक्ला ने कहा कि ये चुनाव धर्म और अधर्म के बीच है भाजपा ने हमेशा धर्म का साथ दिया है इस लिये इस चुनाव में आप लोग भाजपा का साथ दे। लोधी क्षत्रिय माह सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कोक सिंह नरवरिया ने कहा कि भाजपा ने हमेसा लोधी समाज के लिये भलाई के लिये हर जिले में कई कार्य किये है इस लिये आप लोग इस बार भाजपा का साथ दे। पूर्व मंडी अध्यक्ष देवेन्द सिंह नरवरिया ने कहा कि भाजपा ने लोधी समाज की तरक्की की हमेसा कोसिश की है इस लिये आप सब लोगो को इस चुनाव में भाजपा का साथ देना है।

# जनता की पवित्रता पर उंगली उठाने का दुस्साहस न करे कांग्रेसः नाथू सिंह गुर्जर

### अच्छा होगा गंगाजल छिड़ककर कांग्रेसी स्वयं को शुद्ध करें और जनता से अपने किए पर माफी मांगें

**भिंड।** विधानसभा क्षेत्रों को शुद्ध करने का कांग्रेस का अभियान सिर्फ प्रोपेगंडा है, जिसकी कांग्रेस को आदत है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ अगर वास्तव में शुद्धिकरण करना चाहते हैं, तो सबसे पहले अपना शुद्धिकरण कराएं, क्योंकि वे स्वयं कांग्रेस की उस साजिश के मुख्य सूत्रधार थे, जिस साजिश के तहत सत्ता हथियाने के बाद जनता को खुलेआम धोखा दिया गया। उन्हें उस कांग्रेस कार्यालय का भी शुद्धिकरण कराना चाहिए जहां एक झूठ के पुलिंदे को वचन पत्र बनाने का काम हुआ था। उन नेताओं का भी शुद्धिकरण कराएं, जिनके साथ बैठककर आपने झूठे वादों का तानाबाना बुना और खुलेआम किसानों, बेरोजगार युवाओं, बुजुर्गों और बेटियों तक को छला गया। कांग्रेसियों को जनता के अपमान का कोई हक नहीं है। जनता तो पहले से कांग्रेस से कई गुना पवित्र है। यदि कांग्रेसी, जनता पर गंगाजल के छिड़काव का मंसूबा पाल रहे हैं तो उन्हें उससे पैदा होने वाली परिस्थितियों के लिए भी तैयार रहना चाहिए। क्योंकि किसी भी परिवार अथवा व्यक्ति को पवित्रता का प्रमाण पत्र देने का ठेका कांग्रेस को नहीं मिला हुआ है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने कांग्रेस के कथित शुद्धिकरण अभियान पर टिप्पणी करते हुए कही। श्री गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस जिन विधानसभा क्षेत्रों को पवित्र



करने की बात कह रही है, वास्तव में उन क्षेत्रों की धूल को कांग्रेसियों को अपने माथे पर लगाना चाहिए। क्योंकि वहां की जनता के प्रतिनिधियों ने एक अराजक, भ्रष्टाचारी, निरंकुश और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को प्रोत्साहन देने वाली सरकार को ठिकाने लगाने का काम किया। श्री शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश में 15 महीने तक किसानों, युवाओं, बेटियों, बुजुर्गों और गरीबों की जिंदगी से खेलने का काम करने वाली कांग्रेस पार्टी को यह हक किसने दिया है कि वह किसी के परिवार में जाकर, गंगाजल पहुंचाकर यह कहे कि इससे पवित्र हो जाइये। जिस कांग्रेस के हाथ हजारों सिखों के खून से रंगे हैं, जिस कांग्रेस ने देश में भ्रष्टाचार के कीर्तिमान बनाये हैं, जिस कांग्रेस ने वर्षों तक बांटों और राज करो की नीति पर चलते हुए देशभर में दंगे कराये हैं, जिस कांग्रेस ने दशकों तक गरीबी हटाओ के नाम पर गरीबों को मिटाया है, वह कांग्रेस किसी को पवित्रता का प्रमाण पत्र बांटे, यह कैसे गले उतरेगा। श्री गुर्जर ने कहा कि सारी दुनिया कांग्रेस के पाखंड को जानती है। हाल ही में सबने देखा कि राम मंदिर के मुद्दे पर कांग्रेसियों ने कैसा गिरगिटिया रंग बदला है। जो कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर भगवान श्रीराम को काव्य शास्त्र की कल्पना बता रही थी, रामसेतु तोड़ने जा रही थी, उसी कांग्रेस के नेताओं ने राम नाम का जाप करना शुरू कर दिया था। शहीदों का अपमान करना, राष्ट्रीय प्रतिमानों को क्षति पहुंचाना, भारत की मजबूती के हर निर्णय का विरोध करना, कांग्रेस का मूल स्वभाव और नीति है। और इसी स्वभाव के कारण मध्यप्रदेश में उसने 15 महीने तक अपना जनविरोधी और संविधान विरोधी रवैया अपनाया। यह भी सही है कि कांग्रेस अपने इन्हीं कर्मों के कारण देशभर में रसातल में जा रही है। हमें नहीं पता कि कांग्रेस के नेताओं को सलाह कौन देता है, लेकिन इतना जरूर पता है कि यदि उन्होंने गंगाजल छिड़कने अथवा बांटने जैसा बेहूदा काम किया तो प्रदेश की जनता अपने अपमान का ऐसा बदला लेगी कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस को मोमबत्ती लेकर ढूंढना पड़ेगा, क्योंकि प्रदेश की जनता फिर धोखा खाने को तैयार नहीं है।

## कांग्रेस सबसे पहले अपने आचरण का शुद्धिकरण करें : अरविंद भदोरिया

**भिण्ड।** मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता मंत्री एवं अटेर क्षेत्र से विधायक डॉ अरविंद भदौरिया ने कांग्रेश के शुद्धिकरण अभियान पर अपना पलटवार करते हुए कहा कांग्रेस सबसे पहले अपने आचरण और पापों का पवित्र गंगाजल से शुद्धीकरण करें, तब प्रदेश की विधानसभाओं का शुद्धिकरण करें जो अपने पापों का आचरण नहीं सुधार सकता, जनता का शुद्धिकरण करने का उन्हें क्या अधिकार है? और फिर मध्यप्रदेश में ही क्यों अन्य राज्यों में भी इस अभियान को चलाना चाहिए, यह उनका अभियान उपचुनाव में राजनीतिक बोर्ड कब आने का षड्यंत्र है। 2018 के विधानसभा चुनाव में जिस प्रकार कांग्रेस ने किसानों मजदूरों युवाओं से झूठ बोलकर सत्ता बनाई थी, अब उनको पापों को धोने का काम गंगाजल के माध्यम से कांग्रेस कर रही है



। यह उनका राजनीतिक स्टेशन नाटक है। उन्होंने कहा कि सिर्फ मध्यप्रदेश में ही कोंग्रेस राम मंदिर निर्माण की बधाई क्यो दे रही है ? बाकी राज्यो में क्यो नही ?,क्यो की मध्यप्रदेश में उपचुनाव है, हिन्दू सावधान रहें ये वही कोंग्रेस है जिसने मध्यप्रदेश में शरणार्थी हिन्दू बिल रोका, ये वही कोंग्रेस है जिसने आदिवासी को हिन्दू कहने पर कारवाई का प्रावधान किया, ये वही कोंग्रेस है जिसने कोर्ट में राम के खिलाफ कपिल सिब्बल वकील दिया। ये वही कोंग्रेस है जिसने रामसेतु तोड़ने का आदेश दिया और जब मामला कोर्ट में पहुचा तो कोंग्रेस ने हलफनामा देकर कहा कि राम कोई भगवान नही बल्कि काल्पनिक पात्र है। आज जब कमलनाथ के पीछे सोनिया राहुल की जगह हनुमानजी का चित्र दिखा और मन्दिर के समर्थन में कांग्रेस की चालाकी भरी नीति देखी तो सोचा कि जनता को बता दूं कि ये कोंग्रेस बहुत चालाकी से मध्यप्रदेश उपचुनाव में मूर्ख बनाने की प्लांनिग में लगी है पर बाकी देश मे शांत है।

## हाथ ठेलों व दुकानदारों की बजह से फ़ैल रही वीच सड़क पर गंदगी

**सुरेंद्र बाथम भौंती /शिवपुरी।** हाथ ठेलों की बजह से कस्बे के मुख्य मार्ग बस स्टैंड पर गंदगी इतनी पसरी हुई है कि दुर्गन्ध के कारण वहाँ से निकलना तक दूभर हो रहा है।ये कचरा बाजार में डिवाइडर पर लगे हुए फल सब्जी के ठेलों की बजह से फेल रहा है सड़क पर सडे गले फल व् सब्जियां सड़क पर फेंक देते है। फिर किराना दुकानदार व् कपडा के दुकानदार भी सुबह शाम कचरे के ढेर लगा देते है। और कुछ कमी रह जाती है तो घरों से निकलने बाले कचरे को भी लोग सुबह उठ कर डिवाइडर के पास फेक जाते है।जिस कारण बो कचरे का ढेर को आवारा



पशु भी खाते और फैलाते रहते है फ़िलहाल वरसात का मौसम है तो पानी वर्ष जाने के कारण बो कचरा गीला हो जाता है और फिर उस में से दुर्गंध आने लगती है जिसमे बीमारी के मच्छर कीड़े आदि पैदा हो जाते है और बीमारी बढ़ने का भी खतरा रहता है यही कारण है कि भौंती में सड़क के दोनों तरफ कचरे के ढेर लगे हुए रहते है

**इनका कहना है**

हमने कई बार हाथ ठेले बालो को इस बात से अबगत करा दिया है फिर भी वह नही मानते है।
इन हाथ ठेले बालो को कई बार भौंती थाना प्रभारी समजा चुके है पर इनकी समज में नही आ रही है।हमारे कर्मचारी रोज सुबह झाड़ू लगा आते है 6 बजे लेकिन हाथ ठेले व् दुकानदार 8 बजे के बाद आते है तो झाड़ू लगा कर कचरा रोड पर फेंक देते है

**श्री रामेन्द्र छिरोल्या**
**(सरपंच भौंती)**

## राष्ट्रीय सीरवी समाज का गौरव प्रतिभा का पैतृक गांव आगेवा में जोरदार स्वागत किया गया

**नारायणलाल सैणचा, जैतारण आगेवा/**

राष्ट्रीय सीरवी समाज की प्रतिभा गौरव का पैतृक गांव आगेवा बढेर परिसर प्रांगण में भारतीय प्रसासनिक सिविल सेवा द्रुस्में 463 रेंक हासिल कर चयन होने पर सुनिल सोलंकी का आज शुक्रवार दिनांक 7 अगस्त को सीरवी समाज आगेवा बढेर के कोटवाल जिम्मेदारी भूराराम चोयल,पंचगण हगाराम पंवार मानिगराम ढगलाराम पंवार भोमाराम चोयल भेराराम ,गरणिया भाजपा मंडल के अध्यक्ष धर्माराम पंवार ,अध्यापक लिखमाराम सोलंकी ,कोयम्बटूर तमिलनाडु सीरवी समाज के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य व बीजेपी कार्यकर्ता होमाराम बर्फा राजू भाई नवयुवक मंडल के कार्यकारिणी सदस्य नारायण लाल लचेटा,



होमाराम लचेटा मल्लाराम भायल, मंगलाराम सोंलकी, धर्माराम चोयल, लक्ष्मण राम पंवार मांगीलाल धर्माराम सोलंकी,धर्माराम राठौड़, तुलछाराम लचेटा, ओर आगेवा गौशाला अध्यक्ष मंगलराम लचेटा ,सचिव हेमाराम सेपटा व अन्य गणमान्य समाजी बंधुओं द्वारा जोरदार स्वागत कर बढेर परिसर में साफा व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इससे पहले सुनील सोंलकी ने माताजी के चरणों में नतमस्तक कर माताजी को नारियल चढ़ा कर पूजा अर्चना की, साथ ही आई माताजी का आशीर्वाद प्राप्त किया सुनील सोलंकी ने कहा कि बचपन से गांव के सभी समाजी बन्धुओ का हमेशा प्यार, स्नेह ओर आशीर्वाद रहा। आज जिस तरह से बढेर सीरवी समाज के पिता तुल्य व भाइयो द्वारा सम्मानित करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य प्राप्त हुआ जो मेरे पैतृक गांव में सभी समुदायों द्वारा पिछले तीन दिनों सम्मान मिला,जो में अपने आप को धन्य मानता हूँ धर्मेंद्र पंवार ने कहा कि 2010 में पिता का स्वर्गवास के बाद इनके कंधे पर बहुत बड़ा भार आ गया और विषय परिस्थितियों में बहुत ही बड़े सयंम ओर शालीनता से व आत्मविश्वास के साथ पढाई में लगे रहे आज ये परीक्षा परिणाम सामने है।

## पुलिस को मिली कामयाबी अपराधी रिमांड पर

**पश्चिम बंगाल, दुर्गापुर।** अपराधी चाहे लाख शातिर क्यों ना हो एक ना एक दिन पुलिस के हत्थे चढ़ जाते हैं इसे सच साबित किया है दुर्गापुर की पुलिस ने दुनिया जहां एक ओर इस सदी की सबसे बड़ी महामारी करोना से जूझ रही है वही कुछ अपराधी इसे एक मौका समझकर अपराध करने से भी नहीं चूक रहे हैं ऐसे ही एक घटना को अंजाम दिया है दुर्गापुर के अंबुजा स्थित एक डॉक्टर के घर में छत से तीन युवकों ने घर में पड़े सोने के आभूषण और कैश लेकर चंपत हो गए इस बात की भनक जब पुलिस को लगी तो आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के ईस्ट डीसीपी अभिषेक गुप्ता ने एक टीम गठित की उस टीम ने तत्परता के साथ घटना से संबंधित सीसीटीवी कैमरे एवं और दूसरे दस्तावेज एवं सूत्रों के माध्यम से तीन अपराधी पकड़ाए



जो जेमुआ के रहने वाले हैं पहले तो उन्होंने पुलिस को भ्रमित किया लेकिन आखिरकार उन्होंने अपना गुनाह कबूल कर लिया चोरी किए सारे सामान भी पुलिस ने अपनी गिरफ्त में ले लिया है पुलिस ने तीनों अपराधियों को कोर्ट के समक्ष पेश किया कोर्ट ने उन्हें 10 दिनों के रिमांड पर पुलिस को दे दिया अब पुलिस इनके ट्रेक रिकॉर्ड खंगाल रही है और इनके संग और कौन-कौन जुड़े हुए हैं इस बात की भी तफ्तीश कर रही है डीसीपी अभिषेक गुप्ता ने बताया चोरी के इस मामले में 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिनके नाम शेख आबिद , इमरान खान, शेख अब्दुल शुकूर है साथ ही चोरी किए गए आभूषण कैश और एक बाइक भी बरामद की गई है आगे इनसे यह पूछताछ की जाएगी कि और कहां-कहां इन्होंने घटना को अंजाम दिया है साथ ही यह पता किया जाएगा।

## वृक्षों की रक्षा करना सीधी समाज की पहली प्राथमिकता

**पाली**/नरेश कुमार सिरवी की रिपोर्ट के अनुसार आज पाली जिले के रानी उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत/चाचोडी/सीरवी समाज द्वारा वृक्षारोपण किया गया/प्राप्त जानकारी के अनुसार सीरवी समाज के वरिष्ठ भामाशाह एवं समाज सेवक तथा ग्राम पंचायत/चाचोडी/के पूर्व सरपंच मखनाराम/के परिवार द्वारा निजी कृषि फार्म पर वृक्षारोपण किया गया/पूर्व सरपंच प्रतिनिधि धनाराम सिरवी एवं वरिष्ठ भामाशाह दुर्गेश सिरवी के नेतृत्व में प्रवीण सिरवी बाबू सिरवी मनोहर सिरवी द्वारा उनके निजी कृषि फॉर्म पर आज वृक्षारोपण की शुरुआत की गई/सीरवी समाज की ओर से जिले में कई ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक एवं निजी कृषि फार्म पर वृक्षारोपण इस समय किया गया/ग्राम पंचायत/चाचोडी/के पूर्व सरपंच एवं उनके प्रतिनिधि एवं सीरवी समाज द्वारा अनेक जगहों पर उनके निजी कृषि फार्म पर वृक्षारोपण किया गया/संपूर्ण भारत में सीरवी समाज का एक ही संकल्प मानव जीवन की रक्षा के साथ पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए वृक्षों की रक्षा करना सीरवी समाज की पहली प्राथमिकता के आधार पर पूर्व सरपंच प्रतिनिधि एवं उनके परिवार के सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की गई/इस दौरान पूर्व सरपंच प्रतिनिधि धनाराम सिरवी द्वारा बताया गया कि निजी कृषि फार्म पर आगामी एक-दो वर्ष में अनेक



प्रकार के वृक्ष लगाए जाएंगे और अपने समाज के हर किसान भाइयों को संदेश के माध्यम से बताया जाएगा कि हर निजी कृषि फार्म पर वृक्षारोपण किया जाए/सीरवी समाज के वरिष्ठ भामाशाह दुर्गेश सिरवी द्वारा बताया गया कि वृक्षों की रक्षा करना हमारे जीवन के महत्वपूर्ण माना जाता है/पूर्व सरपंच द्वारा विश्वव्यापी महामारी के चलते जरूरतमंद परिवार को खाद्यान्न सामग्री भी वितरण की गई और सीरवी समाज आई माता वडेर की ओर से जरूरतमंद परिवार को खाद्य सामग्री भी वितरण की गई/कोविड-19 के चलते सीरवी समाज द्वारा राजस्थान सहित प्रवासी राज्य में भी जरूरतमंद परिवार को खाद्य सामग्री वितरण की गई/इस दौरान सीरवी समाज द्वारा मानसून के चलते जिले में कई जगह पर निजी कृषि फार्म पर वृक्षारोपण किया जा रहा है/

## राजनीतिक चश्मे से देखकर किसानों के परिश्रम का अपमान न करें अमरिंदर सिंह -भदोरिया

**भिंड।** किसान चाहे पंजाब के हों या मध्यप्रदेश के, उन्होंने कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए जी तोड़ परिश्रम किया है। पंजाब ने अगर सारे देश को खेती से समृद्धि हासिल करने का रास्ता दिखाया है, तो वह उसके किसानों के परिश्रम के बलबूते पर ही संभव हुआ है और अगर आज मध्यप्रदेश समर्थन मूल्य पर सबसे ज्यादा गेहूं खरीदी वाला राज्य बना है तो वह भी किसानों की मेहनत के बल पर हो सका है। किसान सिर्फ किसान है और उसकी मेहनत ही उसकी पहचान है। ऐसे में सिर्फ राजनीतिक नजरिए से देखकर मध्यप्रदेश और पंजाब के किसानों में भेद करना उनके परिश्रम का अपमान है। पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदरसिंह को इससे बचना चाहिए। यह बात भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजय सिंह भदोरिया ने मध्यप्रदेश को बासमती की जीआई टैगिंग मिलने के संबंध में पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदरसिंह द्वारा प्रधानमंत्री को पत्र लिखे जाने को अनुचित बताते हुए कही। श्री भदोरिया ने कहा कि मध्यप्रदेश में बासमती चावल की खेती का पुराना इतिहास रहा है। देश की आजादी के काफी पहले से



प्रदेश के कई जिलों में बासमती चावल की खेती होती रही है। अब तो मध्यप्रदेश के कई जिले चावल उत्पादक हो गए हैं, लेकिन 1940 के दशक के सिंधिया स्टेट के दस्तावेजों से भी प्रदेश के 13 जिलों में धान की खेती की पुष्टि होती है। वहीं, भारत सरकार द्वारा भी प्रदेश में खेती के लिए ब्रीडर बीज उपलब्ध कराए जाने के प्रमाण हैं। श्री शर्मा ने कहा कि ऐसी स्थिति में मध्यप्रदेश के बासमती चावल को जीआई टैगिंग मिलने पर किसी को कोई आपत्ति नहीं होना चाहिए। श्री शर्मा ने कहा कि जहां तक अंतरराष्ट्रीय बाजार की बात है, तो उसमें भी प्रदेश को जीआई टैगिंग मिलने से बासमती की कीमत को स्थिरता ही मिलेगी। उन्होंने कहा कि सिर्फ इस वजह से मध्यप्रदेश को जीआई टैगिंग मिलने का विरोध करना कि मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार है और पंजाब कांग्रेस शासित राज्य है, प्रदेश के लाखों किसानों के साथ अन्याय है।

### छोटे नजरिये नहीं, बड़े दिल से सोचें कै.अमरिंदर सिंह

श्री शर्मा ने कहा कि आज मध्यप्रदेश ने गेहूं खरीदी में जो रिकॉर्ड बनाया है, उसके पीछे किसानों की मेहनत तो है ही, प्रदेश की भाजपा सरकार की सोच और 15 सालों का श्रम भी है। इन 15 सालों में भाजपा सरकार ने सिंचाई सुविधाएं बढ़ाई, बिजली की उपलब्धता बढ़ाई, शून्य प्रतिशत पर कर्ज उपलब्ध कराया और हर आपदा में किसानों का साथ दिया। श्री शर्मा ने कहा कि देश में लंबे समय तक पंजाब खेती के मामले में रोल मॉडल रहा है। उस समय किसी राज्य को इससे परेशानी नहीं हुई, लेकिन आज मध्यप्रदेश के नंबर-1 बनने पर पंजाब के मुख्यमंत्री का रवैया बताता है कि कहीं न कहीं वो संकुचित नजरिया रखते हैं। श्री शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश के किसानों के प्रति दुर्भावना दिखाने की बजाय कैप्टन अमरिंदरसिंह को यह सोचना चाहिए कि कहीं, पंजाब के पिछड़ने की वजह कांग्रेस सरकार की नीतियां तो नहीं हैं? उन्होंने कहा कि देश के किसानों की आय बढ़े, खेती लाभ का धंधा बने, इन सब के लिए आज एक बड़े दिल की जरूरत है, संकुचित दृष्टिकोण की नहीं।

## मुख्यमंत्री चौहान ने किया वेबीनार का शुभारंभ

# तीन वर्ष में हासिल कर लेंगे आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का लक्ष्य

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश प्रत्येक क्षेत्र में आगे रहकर देश में अलग उदाहरण प्रस्तुत करेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए गत चार माह में किए गए प्रयासों को अब और अधिक व्यवस्थित स्वरूप दिया जा रहा है। इस उद्देश्य से वेबीनार्स श्रृंखला आज प्रारंभ हुई है। आने वाले तीन वर्ष में मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक बेहतर रोड मैप की आवश्यकता है जो वेबीनार्स में विद्वानों से प्राप्त सुझाव और मंथन के फलस्वरूप तैयार होगा। इसी सप्ताह इस रोड मैप की खूबियों से प्रदेश की जनता को अवगत करवाया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस पर आमजन, आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए तैयार की गई विस्तृत रणनीति को जान सकेंगे। हम अपने संकल्प से तीन साल में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का लक्ष्य हासिल कर लेंगे। प्रदेश में त्रिस्तरीय योजना बनाकर आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की लक्ष्य प्राप्ति की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए प्रदेश के विकास का रोड मैप बनाने के लिए प्रथम वेबीनार का शुभारंभ कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वेबीनार में शामिल नीति आयोग के वरिष्ठ पदाधिकारियों, विषय-विशेषज्ञों, केन्द्र और राज्य सरकार के अधिकारियों, प्रदेश के मंत्रीगण और वेबीनार में सहभागिता कर रहे करीब डेढ़ सौ प्रतिनिधियों को संबोधित किया। वेबीनार के प्रथम दिन आज भौतिक अधोसंरचना के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में विचार-विमर्श भी प्रारंभ हुआ। इसमें प्रमुख रूप से नीति आयोग, विश्व बैंक, टाटा पावर, अडानी लॉजिस्टिक लिमिटेड, नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इन इंफ्रास्ट्रक्चर फंड, आईआईटी चैन्नई, वाटर एड इंडिया, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन संस्थान, म.प्र. पावर मैनेजमेंट के पदाधिकारी शामिल हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रत्येक सेक्टर में मध्यप्रदेश आगे रहे, यह प्रयास करना है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के पैकेज को क्रियान्वित करने में मध्यप्रदेश ने सक्रिय प्रदर्शन किया है। उदाहरण के लिए मध्यप्रदेश स्ट्रीट वेंडर्स कल्याण में देश में अग्रणी है। छोटे कारोबारियों को ब्याज रहित ऋण देने के लिए मध्यप्रदेश में काफी कार्य हुआ है। कोविड-19 की परिस्थितियों में कुछ बड़ी कंपनियां देश में आ सकती हैं, इस दिशा में भी प्रयास किए गए हैं। मध्यप्रदेश में इन कंपनियों का निवेश होने से आर्थिक क्षेत्र में परिवर्तन आएगा। प्रदेश में 1 करोड़ 29 लाख मैट्रिक टन गेहूँ उपार्जन की उपलब्धि हासिल हुई। यह देश में हुआ सर्वाधिक गेहूँ उपार्जन था। मंडी कानून में संशोधन कर उसे अधिक किसान हितैषी बनाया गया। उत्पादों के वेल्यू एडीशन के प्रयास किए गए हैं। बासमती राइस को जीआई टैग दिलाने की लड़ाई मध्यप्रदेश लड़ रहा है। कृषक कल्याण के लिए कृषक उत्पादन संगठन (एफपीओ) को प्रोत्साहित किया जा रहा है। लोकल को वोकल बनाने के प्रयास भी प्रदेश में हुए हैं। स्व-सहायता समूह की महिलाओं की रचनात्मक को प्रोत्साहित किया गया है। अन्य कारीगरों के कौशल के विकास की भी कोशिश की गई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आज नई शिक्षा नीति के बारे में संबोधित किया है। मध्यप्रदेश में रोजगारोन्मुखी शिक्षा के प्रयास किए जा रहे हैं। शिक्षा के प्रमुख उद्देश्यों ज्ञान और कौशल के साथ नागरिकता के संस्कार देने की दिशा में प्रयास बढ़ाये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ग्वालियर चंबल क्षेत्र में बीहड़ भूमि का काफी बड़ा क्षेत्रफल है। चंबल एक्सप्रेस-वे इस इलाके के लिए प्रोग्रेस-वे बन जाएगा। यहां से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की दूरी तीन-चार घंटे ही है जो और भी कम हो जाएगी। एक्सप्रेस-वे के निर्माण से चंबल क्षेत्र का वर्तमान स्वरूप बदल जाएगा।






# स्वीकृत निर्माण कार्यों को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करें- उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. यादव



निर्माण एजेंसियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित

**भोपाल।** उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वीकृत निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा करें। निर्माण कार्यों के लिए स्वीकृत की गई राशि किसी भी स्थिति में लैप्स न हो। मंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मंत्रालय में विभागीय निर्माण कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन, आयुक्त उच्च शिक्षा श्री मुकेश शुक्ला, लोक निर्माण विभाग, मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड सहित विभिन्न निर्माण एजेंसियों से संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. यादव ने विगत वर्षों में निर्माण कार्यों के लिए स्वीकृत राशि का समुचित उपयोग न करने एवं लैप्स हो जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2017 -18 में लोक निर्माण विभाग को महाविद्यालयों के निर्माण कार्य के लिए 50 करोड़ की राशि आवंटित की गई थी जिसमें से लगभग 24 करोड़ ही व्यय किए गए। इसी तरह 2018 - 19 में 191 करोड रुपए में से 122 करोड़ रुपए एवं 2019- 20 में 106 करोड़ रुपए में से 92 करोड़ रुपए की राशि ही व्यय की गई। राशि का लैप्स होना चिंतनीय विषय है। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूर्ण हो चुके निर्माण कार्यों को संबंधित महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालयों को हस्तांतरित करने की कार्यवाही करें। प्रगतिरत कार्यों में तेजी लाएं। जिन कार्यों की निविदाएं नहीं हुई है उनकी निविदाएं शीघ्रता से जारी की जाएं। उन्होंने कहा कि जिस वित्तीय वर्ष के लिए राशि स्वीकृत की जाए उसी वित्तीय वर्ष में उसे खर्च करने की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि यदि किसी निर्माण एजेंसी को कार्य करने में कठिनाई है तो दूसरी निर्माण एजेंसी से कार्य कराने की कार्यवाही करें। साथ ही वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्यों को पूरा करें।

# कोरोना के कारण परीक्षा नहीं देने वाले 12वीं के छात्रों की विशेष परीक्षा 17 से

**भोपाल ।** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हायर सेकंडरी पाठ्यक्रम (12वीं) की शेष बची परीक्षाओं की विशेष परीक्षा का संशोधित टाइम टेबल घोषित कर दिया है। मंडल के अनुसार कोरोना संक्रमण के चलते परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा उपाय के तहत विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्रों पर एक घंटे पहले पहुंचाना होना अनिवार्य है। परीक्षा कक्ष में जाने से पूर्व सभी विद्यार्थियों की थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी। मंडल ने शुक्रवार को टाइम टेबल और परीक्षा की तारीख घोषित कर दिया। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार परीक्षाएं 17 अगस्त से 21 अगस्त के मध्य आयोजित की जाएंगी। परीक्षा कार्यक्रम मंडल की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। ये परीक्षाएं एक पाली में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक तक होंगी। छात्रों को सुबह 10 बजे तक उपस्थित होना अनिवार्य है। 10.45 बजे के बाद किसी को भी केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

**सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक 17, 19 और 21 अगस्त को तीन दिन होंगी यह परीक्षाएं**

परीक्षा केंद्र में केंद्राध्यक्ष कलेक्टर के प्रतिनिधि की मौजूदगी में ही प्रश्न पत्र के लिफाफे खोले जाएंगे। पेपर के दौरान सभी छात्रों को अपने नाक और मुंह को मास्क अथवा कपड़े से ढंक कर रखना और फिजिकल डिस्टेंस नियमों का पालन करना होगा। मंडल ने टाइम टेबल के साथ ही परीक्षा में शामिल होने के लिए 8 नियम भी जारी कर दिए हैं। कोरोना के कारण स्थगित परीक्षाएं 9 से 16 जून तक हुई थीं। इसके बाद भी काफी संख्या में छात्र कोरोना के कारण इसमें बैठ नहीं पाए। ऐसे में मंडल ने इन छात्रों को एक और मौका दिया है। इनका रिजल्ट 27 जुलाई को आया था। इस बार 6,59,729 रेगुलर परीक्षार्थियों में से 2,77,750 परीक्षार्थी प्रथम आए थे। 1,61,544 परीक्षार्थी द्वितीय, 14,704 परीक्षार्थी तृतीय श्रेणी और 10 परीक्षार्थी उत्तीर्ण श्रेणी आए। इस तरह कुल 4,54,008 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सफल हुए। जिनका परीक्षाफल 68.81न्न रहा है। 97960 रेगुलर परीक्षार्थियों ने पूरक की पात्रता प्राप्त की है। 835 रेगुलर छात्रों के रिजल्ट अंकों की पुष्टि न हो पाने के कारण बाद में घोषित किए जाएंगे।

# रेडियो स्कूल में सुनाई जायेंगी स्वाधीनता संग्राम की कहानियाँ

## स्वतंत्रता सेनानियों से परिचित होंगे विद्यार्थी - मंत्री श्री परमार

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री इंदर सिंह परमार ने कोरोना संकट काल में विद्यालय बंद होने की स्थिति में स्वाधीनता दिवस पर्व को बच्चों के साथ उनके घर-परिवार में ही मनाए जाने के निर्देश दिए हैं। जिसके तहत आगामी 8 अगस्त से 15 अगस्त तक प्रदेश के स्कूली विद्यार्थी %हमारा घर हमारा विद्यालय% कार्यक्रम के तहत स्वाधीनता सप्ताह मनायेंगे। इस दौरान रेडियो स्कूल प्रसारण में हर दिन, स्वतंत्रता संग्राम और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर आधारित एक प्रेरक कहानी सुनाई जायेगी। आकाशवाणी के प्रदेश स्थित सभी 14 प्राथमिक प्रसारण केन्द्रों एवं वन्या सामुदायिक रेडियो के सभी आठों प्रसारण केन्द्रों से प्रसारित होने वाले रेडियो स्कूल के सायंकालीन प्रसारण में शाम 5 से 5¬30 बजे तक ये विशेष प्रसारण सुना जा सकेगा। स्?कूल शिक्षा राज्?य मंत्री (स्?वतंत्र प्रभार) श्री इंदर सिंह परमार ने बच्?चों को संबोधित करते हुए कहा है कि, इस वर्ष हम स्?वतंत्रता समारोह एक दिन नहीं वरन पूरे सप्?ताह मनायेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस सप्ताह को स्वाधीनता सप्ताह के रुप में मनाने का निर्णय लिया है। जिससे आप सभी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की कुर्बानियों और त्याग से परिचित हो सकें। जिसके तहत रेडियो स्कूल के सायंकालीन प्रसारण में 8 अगस्?त से रोजाना 5 से साढे पॉच बजे तक स्वाधीनता संग्राम और स्?वतंत्रता सेनानियों की बातें करेंगे। सप्ताह भर तक हम रोज आपको आजादी के संघर्ष से जुडी हुई एक प्रेरक कहानी सुनवायेंगे। राज्य शिक्षा केन्द्र, स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा तैयार इन कार्यक्रमों में शनिवार 8 अगस्त को स्वतंत्रता संग्राम की कहानी ''मंगल पांडे'', सोमवार 10 अगस्त को ''रणक्षेत्र काल्पी'', मंगलवार 11 अगस्त को '' आज़ाद हिन्द फौज'', बुधवार 12 अगस्त को ''सविनय अवज्ञा आंदोलन तथा स्वतंत्रता की ओर बढते कदम'', गुरुवार 13 अगस्त को ''टंटया भील'', शुक्रवार 14 अगस्त को ''झलकारी देवी'' और शनिवार 15 अगस्त को ''चन्द्रशेखर आज़ाद'' आदि कार्यक्रमों का प्रसारण किया जायेगा। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा रेडियो स्कूल के इन कार्यक्रमों के निर्माण में हुष्टश्वक्रञ्ज] आकाशवाणी एवं स्वराज संस्थान संचालनालय द्वारा निर्मित विभिन्न ऑडियोज़ का उपयोग किया गया है।

# कांग्रेस का अहंकार टूटेगा : रसाल सिंह



**भिण्ड।** भाजपा के पूर्व विधायक रसाल सिंह ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी ने बुजुर्गों के लिए तीर्थ दर्शन रामेश्वरम यात्रा शुरू की थी , इस यात्रा के माध्यम से लाखों बुजुर्गों एवं माताओं ने गंगा स्नान किया और तीर्थों में भगवान के दर्शन किए । 2018 में मध्य प्रदेश में कांग्रेस कमलनाथ की सरकार बनी इन्होंने तुरंत इस तीर्थ दर्शन योजना को बंद कर दिया । 2020 में भारतीय जनता पार्टी शिवराज सरकार आ गई इसी बीच मध्य प्रदेश में उपचुनाव होना है तो कांग्रेस कह रही है कि हम गांव-गांव घर-घर गंगाजल बाटेंगे । कांग्रेस मध्य प्रदेश की जनता का अपमान कर रही है अब वोटों का समय आया है तो कांग्रेसी कहने लगे कि हम घर-घर गंगाजल बाटेंगे जब कांग्रेस सरकार थी तब तीर्थ दर्शन योजना को बंद कर दिया था

# ग्रामोद्योग से होगा स्वदेशी आन्दोलन का सपना साकार- ग्रामोद्योग मंत्री भार्गव



**भोपाल।** कुटीर एवं ग्रामोद्योश मंत्री श्री गोपाल भार्गव ने कहा है कि कुटीर एवं ग्रामोद्योग के माध्यम से ही स्वदेशी आन्दोलन का सपना साकार होगा। उन्होंने यह बात राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर वल्लभ भवन तीन में हस्तशिल्प विकास निगम द्वारा संचालित मृगनयनी शो-रूम के आऊटलेट के लोकार्पण अवसर पर कही। मंत्री श्री भार्गव ने कहा कि मध्यप्रदेश के हाथकरघा वस्त्रों की समस्त देश में अलग पहचान है। हमारे प्रदेश के उत्कृष्ट श्रेणी के उत्पादों को बुनने में सिद्धहस्त है। चंदेरी, महेश्वर, सौंसर की भी विशिष्ट पहचान है। हमारे देश के प्रधानमंत्री भी बुनकरों के कौशल की तारीफ करते हैं तथा देश के निवासियों से अधिकाधिक स्वदेशी बुनकरों के उत्पादों का उपयोग करने का आहवान भी कर चुके हैं। श्री भार्गव ने राष्ट्रीय हाथकरघा दिवस पर प्रदेश के समस्त हाथकरघा बुनरों को शुभकामनाएं दी।

# भारतीय नमो संघ कार्यकर्ताओं ने अखंड भारत दीपोत्सव कार्यक्रम का भव्यता पूर्ण तरीके से आयोजन कर पुरूषोत्तम भगवान श्री राम का किया पूजन,,

**भिंड।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा अयोध्या में राम मंदिर भूमि पूजन और शिला पूजन के अवसर पर भारतीय नमो संघ मध्य प्रदेश संगठन द्वारा भिंडी ऋषि की पावन धरा पर धरा पर आईटीआई संकट मोचन हनुमान जी के मंदिर पर जूना अखाड़े के कोतवाल महंत अंतर्राष्ट्रीय नागा संत श्री अखंडानंद सरस्वती जी महाराज के सानिध्य में अखंड भारत दीपोत्सव का भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का पूजन अर्चन किया गया इस अवसर पर संत श्री अखंडानंद सरस्वती जी ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में राष्ट्र के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी द्वारा भूमि पूजन एवं शिला पूजन कर श्री राम मंदिर का शुभारंभ करने से संपूर्ण विश्व सनातन धर्म की ओर आकर्षित होगा सदियों के इंतजार के बाद 500 वर्षों का कलंक आज पूरी तरह मिट गया है पूरा देश गौरव का अनुभव कर रहा है,अब भारत का मोदी जी के नेतृत्व में पुनरुत्थान और पुनर्निर्माण प्रारंभ हो चुका है आज देखा जाए तो हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सभी वर्ग और सभी धर्मों के लोग अति उत्साहित ओर प्रसन्न हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति हमारी मंगल कामना है, कि वह देश को अखंड भारत विश्वगुरु निर्माण की ओर ले जाएं, इस अवसर पर अखंड भारत के नक्शे के चारों तरफ मोमबत्ती वा दीप प्रज्वलित कर भगवान पुरुषोत्तम श्रीराम का हर्षोल्लास के साथ पूजन अर्चन एवं मंगल गान किया गया इस अवसर पर भारतीय नमो संघ के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश दीक्षित ने कहा राम जन्म भूमि के लिए बलिदान हुए एवं श्री राम भक्तों एवं श्री राम जन्मभूमि आंदोलन को गति प्रगति दिशा और मजबूती देने वाले स्वर्गीय अशोक सिंघल, स्वर्गीय अटल



बिहारी वाजपेई पूर्व प्रधानमंत्री, स्वामी रामदेव जी महाराज ज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी शांतानंद सरस्वती जी, के अलावा हजारों वो क्रांतिकारी अमर बलिदानी युवाओं का सपना साकार रूप में दिख रहा है उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास जी महाराज तथा संघ प्रमुख मोहन भागवत जी विश्व हिंदू परिषद सहित सभी संतो सभी धर्म विचारधाराओं एवं राष्ट्र धर्म के प्रयास से शीघ्र ही राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण पूर्ण हो जाएगा उन्होंने आगे कहा राम मंदिर मुद्दे को लेकर अभी तक ना जाने कितनी ही राजनैतिक पार्टियों ने अपनी रोटियां सेकी हैं मुकेश दीक्षित ने आगे कहा हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो कहा वह कर दिखाया उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार में उनके राज्य में ही राम मंदिर का ऐतिहासिक भव्य निर्माण हो रहा है माननीय देव पुरुष यशस्वी मोदी जी ने पूरी दुनिया में साबित कर दिया है कि अंत में असत्य पर सत्य की जीत होती है जो विवाद पिछले 500 वर्षों से चल रहा था तथा पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने दी हरी झंडी मोदी जी के कार्यकाल में ही दी है, आज पूरा देश इस अलौकिक सुख और आनंद को महसूस कर रहा है इस अवसर पर भारतीय नमो संघ के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश दीक्षित के साथ एडवोकेट संतोष हिनारिया, नमो संघ अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक इमरान अली खान,संघठन मंत्री रामेन्द्र शर्मा,प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद नरवरिया,महामंत्री फरमान हुसेन,प्रदेश सचिव दिनेश राजोरिया, जिला उपाध्यक्ष हिरदेश सोनी ,अमित राजावत, सोनू तिवारी, नीरज उपाध्याय, मोहन सिंह भदोरिया,निच्छल दुवे, अजब सिंह, बृजराज सिंह भदोरिया, राधे, आशू भदौरिया ,जवीर खान, आशीष श्रीवास्तव,कुलदीप भदौरिया भरत, दिग्विजय सिंह भदोरिया, धारा सिंह राजावत,आँशु श्रीवास्तव,सहित कई लोग मौजूद रहे,,

संपादकीए

## अब आगे क्या ?

पाँच अगस्त दो हज़ार बीस को सम्पूर्ण देश( और विश्व) के असंख्य नागरिकों ने भगवान राम के जिस चिर-प्रतीक्षित स्वरूप के अयोध्या में दर्शन कर लिए उसके बाद हमें इसे एक रथ यात्रा,एक लड़ाई ,एक लम्बे संघर्ष का अंत मानते हुए अब किसी अन्य ज़रूरी काम में जुट जाना चाहिए या फिर और कोई अधूरा संकल्प हमारी नयी व्यस्तता की प्रतीक्षा कर रहा है ? इतने लम्बे संघर्ष के बाद अगर थोड़ी सी भी थकान महसूस करते हों, तो यह स्वीकार करना चाहिए कि जिस एक काम में इतनी बड़ी आबादी ने अपने आपको इतने दशकों तक लगाकर रखा केवल उसे ही इतने बड़े राष्ट्र के पुरुषार्थ की चुनौती नहीं माना जा सकता। हम शायद इस बात का थोड़ा लेखा-जोखा करना चाहें कि आज़ादी हासिल करने के बाद सात दशकों से ज़्यादा का समय हमने कैसे गुज़ारा और उसमें हमारे सभी तरह के शासकों की प्रत्यक्ष-परोक्ष भूमिकाएँ और उनके निहित स्वार्थ किस प्रकार के रहे होंगे। हमें कोई दूसरा समझाना ही नहीं चाहेगा कि सांस्कृतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के जश्न के कोलाहल के बीच एक दूसरी बड़ी आबादी अपनी सुरक्षा को लेकर इतनी भयभीत और अलग-थलग सी महसूस क्यों कर रही है। न सिर्फ़ इतना ही ! इस भय की मौन प्रतिक्रिया में उस आबादी की व्यस्तताएँ किसी तरह के अनुत्पादक कार्यों में जुट रही हैं ? मसलन, क्या हम पता करने का साहस करेंगे कि अयोध्या में उच्चारे गए पवित्र मंत्रों की गूंज देश की ही आत्मा के एक हिस्से कश्मीर घाटी में किस तरह से सुनाई दी गई होगी ! जैसा कि दर्द बयाँ किया जा रहा है- कश्मीरी पहले तो दिल्ली में ही पराए गिने जाते थे ,अब खुद अपनी ज़मीन पर भी परायापन महसूस करने लगे हैं। क्या कश्मीरी नागरिक अपने पिछले पाँच अगस्त को भूल चुके हैं ? एक विकासशील राष्ट्र के तौर पर अपने पिछले सत्तर सालों की विकास यात्रा पर थोड़ा सा भी गर्व महसूस करने की स्थिति में पहुँचने के लिए ज़रूरी हो गया है कि हम अयोध्या नगरी से अपने आपको किसी और समय पर वापस लौटने तक के लिए यह मानते हुए बाहर कर लें कि मिशन अब पूरा हो गया है। इस बात की बड़ी आशंका है कि नागरिकों की आत्माएँ अयोध्या के मोह से बाहर निकल ही नहीं पाएँ । उन्हें धार्मिक-आध्यात्मिक व्यस्तताओं से जोड़े रखने के लिए किसी नई अयोध्या के निर्माण के सपने बाँट दिए जाएँ । नागरिक हतप्रभ हो जाने की स्थिति में इस तरह सम्मोहित हो जाएँ कि अपनी उचित भूमिका को लेकर ही उनमें भ्रम उत्पन्न होने लगे। उन्हें सूझ ही नहीं पड़े कि सीमाओं पर चल रहे तनाव को लेकर किस तरह से जानकार बनना चाहिए ! महामारी से लड़ाई को लेकर उन्हें गफ़लत में तो नहीं रखा जा रहा है ! या यह कि अब कौन सा नया बलिदान उनकी प्रतीक्षा कर सकता है ! हमारी अब तक की उपलब्धियों को क्या इस कसौटी पर भी नहीं कसना चाहिए कि अनाज की भरपूर फसल और असीमित भंडारों के बावजूद सरकार का मानना है कि अस्सी करोड़ लोगों को उसकी मदद की ज़रूरत है। क्या इसका कारण यह नहीं समझा जाए कि इतने वर्षों की प्रगति के बाद भी इतनी बड़ी आबादी के पास अपना पेट भरने के आर्थिक साधन उपलब्ध नहीं हैं ? हमसे भी बड़ी जनसंख्या वाले चीन सहित दूसरे देशों में भी क्या जनता इसी तरह के संघर्षों में जुटी है या फिर उनकी चिंताएँ उसी तरह की आधुनिक हैं जिस तरह के आधुनिक प्रतिष्ठान का निर्माण अब हम पूरी अयोध्या में करना चाहते हैं ? ज़्यादा चिंता इस बात की भी है कि राजनीति में धर्म के बजाय धर्म की राजनीति को लेकर जो ताक़तें अभी तक विभाजित संकल्पों के रूप में उपस्थित थीं वे अब एकजुट होकर नागरिक प्रवाह को बदलना चाहती हों। इस सवाल से कैसे मुक्त हुआ जा सकता है कि लाखों की संख्या वाले साधु-संत, उनके करोड़ों शिष्य और भक्तों के साथ वे अनगिनत कार्यकर्ता जो मंदिर-निर्माण के कार्य को अपने संकल्पों की प्रतिष्ठा मानते हुए इतने वर्षों से लगातार संघर्ष कर रहे थे राम जन्म भूमि के छः अगस्त के सूर्यास्त के साथ ही हर तरह की चिंताओं से बेफ़िक्र हो गए होंगे ! f

# कोरोना की मार से लाचार हथकरघा कुटीर उद्योग

भारतीय अर्थव्यवस्था में हथकरघा के माध्यम से अपना बहुमूल्य योगदान प्रदत्त करते बुनकर एवं हथकरघा को भारतीय परिवेश में कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। बुनकरों के आम जनजीवन सहित दिलो-दिमाग में हथकरघा का वही स्थान है जिस प्रकार भारतीय किसान के लिए खेती किसानी। हथकरघा बुनकर के लिए ही नहीं अपितु उसके संपूर्ण परिवार के लिए भरण-पोषण का साधन भी है। किसान यदि अन्नदाता है तो बुनकर वस्त्रदाता है, दोनों का ही महत्व मानव जीवन में अमूल्य है। संपूर्ण मानव समाज के पेट की आग को शांत करने के लिए दो रोटी आवश्यक ही नहीं अपितु अनिवार्य है ठीक इसी प्रकार मानव जीवन में अंग ढकने के लिए वस्त्र आवश्यक है। एक ओर जहां किसान कृषि के माध्यम से जन सामान्य के लिए दो जून की रोटी हेतु अन्न पैदा कर उपलब्ध कराता है। ठीक इसी प्रकार बुनकर हथकरघा के माध्यम से आमजन का अंग ढकने के लिए विभिन्न प्रकार के वस्त्र निर्मित करता है। यही नहीं दोनों क्षेत्र का भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान शामिल है जिसे किसी भी स्तर दरकिनार नहीं किया जा सकता है।

भारत का दिल मध्य प्रदेश स्थित ऐतिहासिक एवं पर्यटन नगर चन्देरी यूं तो किसी परिचय का मोहताज नहीं है। देश प्रदेश ही नहीं अपितु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चंदेरी का नाम पर्यटन क्षेत्र में आज भी सम्मान के साथ लिया जाता है। एक हजार साल से निरंतर आबाद वर्तमान नगर एक ओर जहां ऐतिहासिक किला, महल, मंदिर- मस्जिद कुंआ-बावड़ी आदि के लिए जाना पहचाना जाता है। तो दूसरी ओर उससे भी



अधिक स्थानीय हुनरमंद बुनकर पीढ़ी-दर- पीढ़ी प्राप्त अनुभव के आधार पर हथकरघा के माध्यम से निर्मित कलात्मक दिलकश सतरंगी रेशमी धागों से गुथी चंदेरी साड़ियों एवं अन्य ड्रेस मटेरियल के लिए जाना पहचाना जाता है। यह सब आज-कल की दास्तां ना होकर सदियों पूर्व से हथकरघा से जुड़े पक्के गठजोड़ की कहानी हैं। हथकरघा और चंदेरी का चोली दामन का यह साथ पिछले छैं-सात सौ वर्षों से निरंतर जीवित अवस्था में आज तक जारी है। इस स्तर पर विश्वास भी व्यक्त किया जाता है कि सदियों पूर्व से स्थापित यह अटूट रिश्ता आगे भी सदियों तक बदस्तूर जारी रहेगा। इस सुख दुःख भरी दुनिया में आगे आप भी नहीं होंगे तो हम भी नहीं होंगे बावजूद इसके हथकरघा का अनेक सफलताओं-असफलताओं से भरा-पूरा यह सफर यूं ही चलता रहेगा।

14-15वीं में नगर में आया हथकरघा अपने संपूर्ण सफल जीवन यात्रा अपने गौरवमयी विभिन्न आयामों का मिश्रण पूर्ण कामयाब फलसफा का बखान वखूबी सप्रमाण सहित करता है। हाथकरघा दर्शाता है कि उसने चंदेरी पर राज कर रहे विभिन्न राजवंशों की सफल-असफल नीतियों का किस प्रकार पालन किया है। वह यह भी बताता है कि उसने किस काल खंड में किस प्रकार की मुसीबतों का सामना किया है लेकिन जीवन यात्रा को विराम कभी नहीं दिया है। देखें आज कोरोना काल में हथकरघा पर चारों ओर से मुसीबतों का पहाड़ टूटा हुआ है फिर भी वह रो-गा कर अपने दिन जैसे तैसे व्यतीत कर रहा है। यदि हाथकरघा और बुनकरों के हाथों के कमाल की बात की जावे तो दूर तक जाती है। एक तो यहां का खानादानी बुनकर कही पर भी प्रशिक्षण प्राप्त नहीं करता बल्कि उल्टे देश के विभिन्न हिस्सों में जाकर अन्य बुनकरों को प्रशिक्षण देने का कार्य काम करता है। दूसरे उसे यह पैत्रिक गुण उसके पारिवारिक वरिष्ठजन से बाल्यकाल से ही प्राप्त होने लगता है यानी बुनाई के सारी की सारी प्रक्रियाएं वह बखूबी अपने ही परिवार में देखता, समझता करता रहता है जिसके बलबूते पर वह आगे आने वाले समय में हथकरघा के माध्यम से प्रदर्शित करता है। याद रखना होगा कि स्थानीय बुनकर एक नहीं कई पीढ़ियों से हथकरघा से संबंध स्थापित किए हुए हैं जो वंशानुगत होकर आगे बढ़ता रहता है। घर का संपूर्ण वातावरण हाथकरघा के इर्द-गिर्द घूमता है। बालक बालिकाएं माता-पिता के साथ रहकर इस हुनर को स्वयमेव ग्रहण कर लेते हैं। आप होशियार बुनकर को किसी भी तरह की जटिल से जटिल डिजाइन पेश करेंगे बुनकर उसे बखूबी खूबसूरती के साथ हाथकरघा के माध्यम से बुनाई कर साड़ी अथवा अन्य कपड़ा पर उकेर देगा। चाहे वह डिजाइन फूल पत्ती, बेल बूटे हो अथवा पशु पक्षी या स्मारक आदि हो। साड़ी पर उकेरी गई *मेहंदी लगे हाथ* यहां की मशहूर डिजाइन है।

## दुःखी नैत्र

दुखी यह नेत्र मेरे,
दुखों का सागर लिए,
हृदय में,
बस यह नैन,
किसी अपने के धोखे को,
भोहौं में छुपा कर,
दुखों के दर्द को,
बयां करते यह नैन,
झूठे वास्तो को,
लिए दुखों की गठरी में,
चल रहा हूं,
मुसाफिर की तरह,
मनाते-मनाते उन लोगों को,
यह नेत्र बुझ से गए हैं,
अब यह नेत्र,
लोगों से दूर जाने को छटपटा रहे है,
सफलता की बधाइयां,
देना वे नहीं चाहते,
दुखों से भरे नेत्र सागर यह,
कुछ तो बयां कर रहे,
अपने होकर भी अपने नहीं,
से क्या फायदा,
अब यह जिंदगी नेत्रों से,
कह रही मुसाफिर बन अब,
कर हासिल लक्ष्य अपना।।



नाम-दिनेश प्रजापत
÷दिन÷ गांव-मूली, जालोर(राज़)

## सृष्टि नियंता राम



### हे राम विराजो

हे राम! तुम्हें लिख पाऊँ मैं,
इतना तो मुझको ज्ञान नहीं।


रचनाकार तुम कालचक्र के,
इक क्षण से भी अनजान नहीं।

जन्मभूमि पर फिर आने का,
निर्णय हम पर है उपकार ।

हे प्रभु! विराजो मनमंदिर में,
कर लीजो हमको स्वीकार।

मातृभूमि है बेकल ...देखो,
हे राघव! कर दो अब उद्धार।

सब कष्टों से मुक्ति दिला दो,
फिर से करो दानव संहार ।



प्रियंका कटारे
प्रिराज ग्वालियर मप्र

## बेटी है अनमोल धरा पर

बेटे से बढ़कर है बेटी अनमोल इस धरा पर ।
बेटी रत्न है अनमोल इसका नहीं मोल धरा पर ।।



मानव तुम मत करो बुद्धि का तोल मोल बेटी पर ।
ईश्वर का वरदान है बेटी सुंदर उपहार धरती पर ।।

लोभ लालच से अंधी बुद्धि के पट तुम खोल ।
बेटी स्वयं ही है धरती तू रहता जिसमें डोल ।।

अल्प बुद्धि वाले करते है तोल मोल बेटियों का ।
यह कमजोरी मानव की परिचय दुर्बल मन का ।।

करो आत्म जागरण स्वयं का होगा सकल उत्थान ।
बेटी आई वहीं से ही जहाँ जन्मे स्वयं प्रभु भगवान ।।

बेटी पर अत्याचार इन कुप्रथाओं को करो सब दूर ।
समय है वरना पछताओगे एक दिन होकर मजबूर ।।

बेटा-बेटी एक समान बेटी को घट बढ़ ना आकों ।
मानव क्या है यह कमजोरी खुद के भीतर झांको ।।

लक्ष्या बेटी है अनमोल धरा पर बेटे से बढ़कर ।
दिव्या रावत गर्ग! अनमोल का नहीं मोल धरा पर ।।

दिव्या रावत गर्ग उण्डू
बाड़मेर राजस्थान ।

## प्रयत्न



मंजिल तुम पा सकते हो ,
प्रयत्न तुम्हें करना होगा ।
रोशन हो जाएगी राह तेरी ,
दीपक बनकर जलना होगा ।।
देखो उन ऊंचे पर्वत को,
जो अचल अडोल रहते हैं।
तुम भी अडिग रहो पथ पर,
यह संदेश वो देते हैं।
पर्वत की भांति ही तुम्हें अटल रहना होगा,
मंजिल तुम.....................
देखो उगते सूरज को
जो अंधकार को हरता है ,
तुम नई सुबह ला सकते हो।
यह संदेश वो देता है ,
सूरज की भांति ही तुम्हें अंधेरा हरना होगा
मंजिल तुम.............
देखो सारी नदियों को ,
जो कल कल करती रहती हैं
पग रहित होने पर भी ,
निरंतर चलती रहती हैं।। नदियों की भांति ही तुम्हें लगातार चलना होगा,
मंजिल तुम ..................
देखो उड़ते पंछी को ,
जो ठिकाना ढूंढता रहता है
मुश्किल हिस्सा है जीवन का
यह संदेश वो देता है।।
जीवन में आने वाली हर विपदा को हल करना होगा,
मंजिल तुम.................
देखो दीवार की मकड़ी को,
जो गिरती और संभलती है।
हटो नहीं उद्देश से अपने,
यह संदेश वो देती है।।
तुम हार गए तो क्या हुआ ,फिर से कदम रखना होगा
मंजिल तुम पा सकते हो प्रयत्न तुम्हें करना होगा।।
रोशन हो जाएगी राह तेरी दीपक बनकर जलना होगा।।

शारदा बरसैया
मनेन्द्रगढ़ छग

## भारत के सपूत

मैं शिव सन्याल घोषणा करता हूँ पोस्ट की गई रचना
मौलिक स्वरचित है पहली बार प्रकाशन के लिए भेजी जा रही है।
शिव सन्याल
ज्वाली कांगड़ा हि.प्र
भारत के सपूत



छोड़ परिवार,बंधन सारे,भारत मां का हो जाता है।
देश वीर जवान के आगे,गर्व से शीश झुक जाता है।

फौलादी है सीना ताने,
आगे आगे बढ़ता जाता।
आग बरसती सिर पर चाहे।
नहीं दुश्मन से घबराता।
जोश जोशीला हुँकार भरे,दुश्मन थर्र थर्राता है।
देश वीर जवान के आगे,गर्व से शीश झुक जाता है।

भूखा, प्यासा मन को मारे,
दिन रात वह नहीं सोता है।
जख्म टपकते लहू वीर के,
लिए बंदूक संग ढोता है।
न आँख निशाना चूक सके,बैरी को मार मिटाता है।
देश वीर जवान केआगे,गर्व से शीश झुक जाता है।

जान हथेली पर ले अपनी,
खून की होली खेलता है।
अपने देश की रक्षा के लिए,
तन मन में दुख सह लेता है।
हंसता हंसता गुनगुनाता,मां की गोद में सो जाता है
देश वीर जवान के आगे,गर्व से शीश झुक जाता ह

शिव सन्याल
ज्वाली कांगड़ा हि.प्र

# कोरोना महामारी : ढलती सांझें नारकीय जीवन जीने को मजबूर?

कोरोना महामारी बुजुर्गो के लिए अभिशाप बन गई है।कोराना के कारण बुजुगों की मौते हो रही है। कोरोना काल में बुजुर्ग चारदीवारी में कैद हो गए है। लाईलाज बीमारीयों व असाध्य रोगों से ग्रस्त हो गए है।कोरोना ने मुसीबतें खड़ी कर दी है।बुजुर्ग आज चलने फिरने से लाचार हो गए है।कोरोना के बढ़ते मामलो से बुजुर्ग डरे हुए है।इलाज से महरुम हो चुके है।घर की दहलीज पर ही जिंदगी बिता रहे है।उम्र का तकाजा भी है कि कोरोना बुजुर्गो पर कहर ढा रहा है कहीं नहीं जा सकते।ढलती सांझें नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। 22 मार्च से ही कैद हो चुके है।मार्च से जुलाई तक कमरों में बंद हो चुके है।अभी न जाने कब तक कोराना वायरस का प्रकोप सहना पड़ेगा। कोरोना महामारी रुकने का नाम नहीं ले रही है।संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि बहुत ही चिंतनीय है।अस्पतालों में भी डर सताने लगा है।बुजुर्गो ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि ऐसे मुसीबत भरे दिन देखने पड़ेगें।पहले भी महामारीयां फैलती थी।तब जवानी थी आज काया शिथिल हो चुकी है।अब दिन काटने वाला समय आ गया है।अदृश्य बीमारी ने कोहराम मचा रखा है।बुजुगों का स्वास्थ्य गिरता जा रहा है।दवाईयां भी इस उम्र में असर नहीं करती हैं।समय पता नहीं कैसे कैसे दिन दिखएगा।कोरोना ने जीना हराम कर दिया है।महानगरों से गांव में फैलता जा रहा वायरस घातक सिद्ध होता जा रहा है।गांव के गांव चपेट में आते जा रहे है।गांव में बुजुगों को खौफ सता रहा है।सावधानी से ही बुजुगों कों बचाया जा सकता है।सरकारों को भी वृद्धों को सुविधाएं देनी चाहिए। कोरोना काल में घर पर ही स्वास्थ्य जांच का अभियान चलाना चाहिए।दवाईयां उपलब्ध करवानी चाहिए।लॉकडाउन में बुजुगों से मारपीट के समाचार भी सुखियों में रहे है।अब अनलॉक भी बुजुगों के लिए कैद बन गई है।घर के लोग आजिविका कमाने निकल जाते है।बुजुर्ग पहरेदार बन गए है। सुबह से लेकर शाम तक घर की रखवाली कर रहे है।आज कोरोना काल में हालात बिगड़ते जा रहे है। एकाकी जीवन जी रहे है।पानी के गिलास के लिए तरस रहे है।चेहरों पर झुर्रिया साफ दिख रही है।दुर्व्यवहार सह रहे है।अब किस से शिकायत कर सकते है।आंसू बहाते है। समय को कोसते है।मौत को बुलाते है।नारकीय जीवन से तो मौत ही अच्छी है।रोज मरने से एक दिन मरना अच्छा है।कैसी विडंबना है कि आज बुजुगों को खाने के लाले पड़ते जा रहे है।रोटी को तरस रहे है।खून-पसीना बहाकर मेहनत करके बच्चें को पाला आज बच्चे व बहुएं दुश्मन बन गए है।बच्चे जोरु के गुलाम बन चुके है।बुजुगों को सताना नहीं चाहिए। आज बुजुगों को अच्छी खुराक की जरुरत है।साधन-संपन्न घरानों में बुजुगों के बुरे हाल है। बुजुर्ग ढलती साझें है। वृद्धों को आश्रमों में भेजा जा रहा है। बुजुर्ग किसी दूसरे द्वारा नहीं बल्कि अपने ही बेटों के कारण उपेक्षित हैं शायद यह उनका दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि जिन बच्चों के लिए अपना पेट काटकर व भूखे रहकर उनका पालन पोषण किया आज वही बेटे उन्हे दर-दर की ठोकरें खाने के लिए मजबूर कर रहे हैं। बुजुर्गों का तिरस्कार,एक खौफनाक त्रासदी है। आज देश में बुजुर्गों की जो हालत हो रही है उसके मामले समय पर उजागर होते रहते है। कहते है बुजुर्ग अनुभवों की खान होते हैं।बुजुर्ग वटवृक्ष के सामान होते हैं जिनकी शीतल छाया में बच्चे सुरक्षित रहते है मगर आज अपने ही वृक्ष को काटने पर उतारु हो गए हैं। देश में आज लाखों वृद्ध लोग नारकीय जीवन जीने पर मजबूर हैं तथा दुसरों पर मोहताज हैं।बुजुर्गो ने पाई-पाई जोड़कर जिन बच्चों को मंहगी व उच्च तालिम देकर पैरों पर खड़ा किया आज उन्ही के सामने दो जून की रोटी के लिए गिड़गडा रहे है।मां-बाप का कर्ज आज तक कोई नहीं चुका पाया है। बुजुर्गों ने अपनी खुशियों का गला घोंटकर अपने बच्चों को हर खुशी प्रदान की मगर आज वही चिराग माता -पिता के दुश्मन बन गए हैं बुजुर्ग परिवार का स्तम्भ होते हैं। आज देश में बुजुर्ग लोग तिरस्कृत जीवन जीने को मजबूर हैं। केन्द्र सरकार द्वारा वृद्धों के भरण-पोषण के लिए कानून बनाए हैं मगर वे फाईलो की धूल चाट रहे हैं नजीजन लोग कानूनों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। बेशक प्रत्येक वर्ष एक अक्तूबर को विश्व वृद्ध दिवस मनाया जाता है मगर ऐसे आयोजन औपचारिकता भर रह गए हैं। केवल मात्र एक दिन बड़ी धूमधाम से कार्यक्रम किए जातें हैं बाकि 364 दिन इन वृद्धों को कोई याद तक नहीं करता वृद्धों कें नाम पर चलाई जा रही योजनाएं कागजों में ही क्रियान्वित होती हैं।


# हम आपके हैं कौन को पूरे हो गए 26 साल

एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित की शानदार फिल्म है %हम आपके हैं कौन% को जारी हुए आज 26 साल पूरे हो गए। माधुरी दीक्षित ने ट्विटर पर एक थ्रोबैक फोटो शेयर करके इसके 26 साल पूरे होने को याद किया है। डायरेक्टर सूरज आर बडजात्या के राजश्री प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म %हम आपके हैं कौन% 5 अगस्त 1994 को रिलीज की गई थी। यह 1982 में रिलीज भोजपुरी फिल्म %नदिया के पार% की रीमेक थी। उस समय इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 135 करोड़ रुपए की कमाई की थी। फिल्म में सलमान खान, माधुरी दीक्षित, मोहनीश बहल, रेणुका शहाणे और आलोकनाथ लीड रोल में थे। माधुरी दीक्षित ने ट्वीट कर लिखा है कि, तो अब! विश्वास नहीं होता कि फिल्म है %हम




आपके हैं कौन% के 26 साल पूरे हो गए हैं। अविश्वसनीय टीम की मज़ेदार यादों और कड़ी मेहनत को याद करते हुए, जिन्होंने हर एक दृश्य को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आज भी फिल्म देखने और आनंद लेने के लिए सभी का धन्यवाद। बहुत बहुत धन्यवाद और ढेर सारा प्यार। ट्वीट के अंत में माधुरी ने फोल्डेड हैंड और रिबन से बंधी हर्ट इमोजी भी बनाई है। यह प्रेम (सलमान ख़ान) नाम के युवक और निशा (माधुरी दीक्षित) नाम की युवती की कहानी है। दोनों चुलबुले, हंसमुख और शरारती हैं। प्रेम के माता पिता का उसके बचपन में देहान्त हो चुका है। प्रेम और उसके बड़े भाई राजेश (मोहनीश बहल) को उनके चाचा कैलाशनाथ (आलोक नाथ) ने पाला है। राजेश ने अपने चाचा के व्यवसाय को संभाल लिया। कैलाशनाथ के पास राजेश के लिए पूजा (रेणुका शहाणे) का रिश्ता आता है। दोनों का विवाह हो जाता है। कुछ समय बाद दोनों का बच्चा होता है जिसे लेकर पूजा अपने मायके जाती है। वहीं सीढ़ियों से गिरकर पूजा की मौत हो जाती है। मौत से पहले पूजा ने प्रेम और निशा से उनकी शादी कराने का वादा किया था और निशा को ससुराल का खानदानी हार भेंट करती है। फिर बच्चे के पालन-पोषण के लिए राजेश की शादी निशा से तय कर दी जाती है।

# टैलेंटेड लोगों का साथ दे रहा पूरा देश



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर विद्युत जामवाल की फिल्म %खुदा हाफिज का टाइटल ट्रैक रिलीज किया जा चुका है। यह फिल्?म डायरेक्टर फारुख कबीर के डायरेक्शन में बनी हैं। इसमें विद्युत जामवाल लीड भूमिका निभा रहे हैं। इसी फिल्म के साथ 6 और फिल्में हॉटस्टार-डिज्नी प्लस रिलीज होने वाली हैं। इसके लिए कुछ समय पहले हॉटस्टार-डिज्नी प्लस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की थी। तब उन फिल्म स्टार्स को बुलाया गया था, जिनकी फिल्में सीधे ओटीटी पर रिलीज की जानी हैं, लेकिन इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में विद्युत जामवाल को नहीं बुलाया गया था। जामवाल ने इस व्यवहार पर सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी नाराजगी जाहिर की थी। विद्युत ने ट्रेड एनालिस्ट तरण के ट्वीट को रीट्वीट करते हुए लिखा था कि %निश्चित रूप से एक बड़ी घोषणा। सात फिल्में रिलीज होने वाली हैं, मगर सिर्फ 5 को प्रमोशन्स करने के लायक समझा गया। 2 फिल्मों को ना ही कोई सूचना मिली और ना ही आमंत्रण। मुझे लगता है कि हमें अब भी लम्बा रास्ता तय करना है। बता दें कि इस मामले में विद्युत जामवाल के विचार का उनके फैंस और कुछ बॉलीवुड स्टार्स ने समर्थन किया था। विद्युत ने कहा था कि मैंने अपने दिल की बात अंग्रेजी में ट्रासलेट करके ट्वीट कर दी थी, लेकिन जिस तरह पूरे देश ने और इंडस्ट्री के कुछ लोगों ने मुझे सपोर्ट किया उसे देखकर मैं आश्चर्य में पड़ गया। विद्युत ने कहा कि इससे हमारा उत्साह और मनोबल बढ़ता है और महसूस होता है कि जो भी हम कर रहे हैं, वह सही है। अब देश के लोग टैलेंटेड लोगों को अवसर देने के पक्ष में हैं इसलिए वे टैलेंट का साथ देते हैं और आगे बढ़ने के लिए मोटिवेट करते हैं। फिल्म मेकर्स ने फिल्म %खुदा हाफिज% का रोमांटिक सॉन्ग %जान बन गए% जारी किया था, जिसे अब तक मिलियन व्यूज़ मिल चुकें है। गाना शेयर करते हुए जामवाल ने लिखा कि 'हम मिलेगें फिर किसी दिन, तब तलक खुदा हाफिज'। इस गाने में दिखाया गया है कि शिवालिका का किडनैप होने के बाद विद्युत, शिवालिका को ढूंढने निकले हैं। बता दें कि यह फिल्म एक रोमांटिक एक्शन थ्रिलर है, जिसमें विद्युत जामवाल और शिवालिका ओबेरॉय लीड रोल कर रही हैं।


# बॉलीवुड में चल रहा अब हिराइनों का राज

**मुंबई ।** अब बालीवुड की हीरोइनें फिल्मों में महज आई-कैंडी नहीं होतीं, बल्कि उनका किरदार काफी सशक्त व प्रेरणादायक होता है। उदाहरण के तौर पर कंगना रनौत की फिल्म %धाकड़% और परिणीति चोपड़ा की फिल्म %द गर्ल ऑन द ट्रेन% की रीमेक को ले सकते हैं। कंगना ने अपनी फिल्म %धाकड़% को फीमेल-लीड एक्शन फिल्म के रूप में परिभाषित किया है, जबकि परिणीति ने अपनी आगामी फिल्म को अपनी जिंदगी की सबसे कठिन किरदारों में से एक माना है। आलिया भट्ट की फिल्म %राजी% और तापसी पन्नू की फिल्म %बदला% भी इसी शैली की फिल्में हैं जिसका अभी ट्रेंड है। बात अगर कंगना की करें तो वह



अपने फिल्मों की हीरो होती हैं। %क्वीन%, %मणिकर्णिका ¬ द क्वीन ऑफ झांसी% जैसी फिल्मों को उन्होंने अपने दम पर हिट कराया। उनकी हालिया रिलीज फिल्म %जजमेंटल है क्या% में उनका एंटी-हीरो किरदार कुछ ऐसा था, जिसे हमने अब तक बॉलीवुड की हीरोइनों को करते नहीं देखा है। कंगना ने बताया था, ÷मैं हमेशा से कुछ ऐसा बनना चाहती थी जो किसी हीरो की साइडकिक (सहायक या संगी) न हो, क्योंकि जब फिल्म में कोई बड़ा हीरो होता है तो आप महज एक साइकिक रह जाते हो।÷ उनकी आने वाली फिल्म %धाकड़% से यह बात साबित हो जाएगी कि एक्शन शैली की फिल्में अब महज हीरो तक ही सीमित नहीं हैं। अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने बुधवार को ट्विटर पर अपनी आने वाली फिल्म %द गर्ल ऑन द ट्रेन% की एक झलक साझा की थी। यह इसी नाम से बनी एक हॉलीवुड फिल्म की रीमेक है।

# प्रियंका बड़ी बहन जैसी



**मुंबई।** हाल ही में रिलीज हुई फिल्म %सेक्शन 375% में मीरा चोपड़ा का किरदार एक ऐसे कॉस्ट्यूम डिजाइनर का है,, जो अपने डायरेक्टर पर रेप केस का झूठा आरोप लगाती हैं। इस फिल्म को क्रिटिक्स के साथ-साथ दर्शकों का भी प्यार मिल रहा है। वहीं फिल्म देखने के बाद कई लोगों का यह भी कहना है कि मीरा का किरदार रेप के झूठे आरोपों पर होने वाले हादसों को बढ़ावा दे रहा है, जिसका खामियाजा असल पीड़ितों को भुगतना पड़ेगा। इसके चलते मीरा को सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल भी किया जा रहा है। इसी बीच मीरा ने एक खास बातचीत में सफाई देते हुए कहा कि उनका या फिल्म का इरादा झूठे रेप केसेज वाले किस्सों को प्रमोट करना बिल्कुल नहीं है, वह खुद इसका विरोध करती हैं। बकौल मीरा, %मेरे किरदार को यहां गलत समझा जा रहा है। वह लड़की, जो रोजाना अपने वर्कप्लेस में मोलेस्ट होती है, आगे चलकर उस डायरेक्टर को सबक सिखाने के लिए झूठे रेप आरोप का सहारा लेती है। मैं मानती हूं कि मेरे किरदार का तरीका जरूर गलत है, लेकिन साथ ही मेरा किरदार यह मेसेज भी दे रहा है कि आपके साथ होने वाले मोलेस्टेशन को मत सहो और उसके खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करो।बता दें कि, मीरा साउथ में काफी फेमस ऐक्ट्रेस हैं, जिन्होंने बॉलीवुड में उनका डेब्यू %गैंग ऑफ गोष्ट% से किया था। इसके बाद मीरा %1920 लंदन% में नजर आईं थी। बॉलीवुड में कम सक्रिय होने पर मीरा कहती हैं कि, %यह संयोग की बात है कि मेरी दोनों ही फिल्में हॉरर रही हैं। मैं इसे अपनी गलती मानती हूं, क्योंकि इन दो फिल्मों के बाद मुझे टाइपकास्ट कर दिया गया था। मैं उस तरह की फिल्में कर ऊब चुकी थी। अब मैं अपनी इमेज को तोड़ने के मकसद से %सेक्शन 375% किया है और जल्द ही मैं एक वेब शो में पुलिस अधिकारी का किरदार निभाती नजर आऊंगी। एक ऐक्टर के तौर पर भी मैं सीरियस और इंटेंस किरदार करना चाहती हूं ताकि मैं खुद को संतुष्ठ कर सकूं।% बता दें कि मीरा प्रियंका चोपड़ी की कजिन भी हैं और दोनों बहनों की तुलना पर मीरा कहती हैं,%प्रियंका दीदी से अपनी तुलना सपने में भी नहीं सोच सकती हूं। मुझे गर्व है कि मैं उनकी बहन हूं,वह बेहद इंटेलिजेंट और सुपर टैलंटेड हैं। उनकी तरह बन पाना बहुत मुश्किल है। मैं अगर उनसे तुलना करने लग जाऊं, तो डिप्रेशन में चली जाऊंगी और कभी खुश नहीं रह पाऊंगी।% प्रिंयका से टिप्स के बारे में मीरा कहती हैं, %वह हमें काफी गाइड करती हैं। मैं अक्सर उनसे अपने प्रॉजेक्ट्स डिसकस करती रहती हूं। दिसंबर में जब मुझे %सेक्शन 375% का ऑफर आया, तो उन्होंने ही मुझसे कहा कि इसको अपने हाथ से जाने मत दो क्योंकि ऐसे प्रॉजेक्ट्स बहुत कम बन पाते हैं और वह सही थीं।%

# सुपर स्टनिंग लुक में दिखी सुहाना

**मुंबइ।** इन दिनों अपनी तस्वीरों को लेकर खूब चर्चा में रहने वाली सुहाना खान कभी अपनी ग्लैमरस तस्वीरों की वजह से तो कभी गर्ल्स गैंग के साथ पार्टियों वाली तस्वीरें इंटरनेट पर सुर्खियां बटोर लेती हैं। इस बार भी वजह उनकी एक नई तस्वीर ही है, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। सुहाना ने हाल ही में ऐक्टिंग की पढ़ाई के लिए न्यू यॉर्क यूनिवर्सिटी फिल्म स्कूल में ऐडमिशन लिया है। ऐसे में बॉलीवुड डेब्यू से पहले सुहाना खुद को ऐक्टिंग में माहिर कर लेना चाहती हैं। इसी क्रम में हाल ही में आई इस नई मोनोक्रोम तस्वीर में सुहाना काफी स्टनिंग दिख रही हैं। वह इस तस्वीर में वह पूरे ब्लैक लुक में हैं और हल्की सी स्माइल देती दिख रही हैं। तस्वीर में सुहाना ब्लैक लोअर के साथ ब्लैक क्रॉप टॉप में दिखाई दे रही हैं। बता दें कि सुहाना के बॉलीवुड की डेब्यू की भी हाल के समय में काफी खबरें सुनने को मिली हैं। खबरों के अनुसार सुहाना ऐक्टिंग की दुनिया में कदम रखने से पहले अपने पिता की सभी फिल्मों को बारीकी से देख रही हैं, ताकि डेब्यू से पहले उनमें पिता की तरह परफेक्शन आ सके। हालांकि, ऑडियंस को सुहाना के डेब्यू का बेसब्री से इंतज़ार है। वहीं, उनके पिता शाहरुख पहले ही कह चुके हैं कि पहले सुहाना अपनी पढ़ाई पूरी करेंगी, उसके बाद बॉलिवुड में कदम रखेंगी। उनकी सहेली अनन्या पांडे भी बता चुकी हैं, %वह वाकई में बहुत टैलंटेड है और मैं अब बस इसका इंतजार नहीं कर सकती हूं।





# अनुष्का शर्मा ने फ्रेंडशिप डे पर किया पुराने दोस्तों को याद

अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने फ्रेंडशिप डे पर अपने सभी पुराने दोस्तों को याद किया है, जिनसे उनका संपर्क तब टूट गया। अनुष्का ने इंस्टाग्राम पर एक पुरानी तस्वीर साझा की। इसमें उनके साथ उनके बचपन के कुछ पुराने दोस्त नजर आ रहे हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा कि ÷आप अपने जीवन में बहुत सारे दोस्त बनाते हैं और उनमें से प्रत्येक का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। जाने-अनजाने में, वे सभी हम पर एक छाप छोड़ जाते हैं। उनमें से कुछ संपर्क में बने हुए हैं और कुछ के बारे में आप सोच कर रह जाते हैं और उनकी यादें आपके चेहरे पर मुस्कान लाती हैं।÷ अभिनेत्री ने आगे लिखा कि ÷आर्मी बैकग्राउंड से होने के कारण हमने कितने दोस्त बनाए, लेकिन जब उनके परिवार अलग-अलग जगहों पर पोस्ट किए गए तो उनसे संपर्क टूट गया।÷ अनुष्का ने आगे लिखा कि ÷यह हमारे सभी दोस्तों के लिए है। उन लोगों के लिए, जिनके साथ हम बड़े हुए हैं और जो आज हमारे साथ हैं .. हर किसी को एक बहुत ही सुखद फ्रेंडशिप-डे की शुभकामनाएं!÷ अनुष्का के पति और स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने कमेंट सेक्शन में दिल वाली इमोजी पोस्ट की। हाल ही में अनुष्का और विराट ने असम और बिहार में विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद करने का संकल्प लिया है।

## एक नजर

### चंबल संभाग में अभी तक 283.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**मुरैना।** चंबल संभाग में अभी तक 283.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो पिछले वर्ष की तुलना में 96.5 मिलीमीटर औसत वर्षा कम है। पिछले वर्ष इसी अवधि में 384.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। चंबल संभाग में 1 जून 2020 से अभी तक सर्वाधिक 315.1 मिलीमीटर औसत वर्षा मुरैना जिले में दर्ज हुई है। श्योपुर जिले में 289.2 मिलीमीटर वर्षा और भिण्ड जिले में 258 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले वर्ष इसी अवधि में मुरैना में 346.2, श्योपुर जिले में 457.6 और भिण्ड जिले में 350.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। मुरैना जिले में औसत सामान्य वर्षा 706, भिण्ड जिले की 668.3 और श्योपुर जिले की 822 इस तरह चंबल संभाग के तीनों जिलों की औसत सामान्य वर्षा 732.4 मिलीमीटर है।

### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना आज मुरैना आयेंगे

**मुरैना।** प्रदेश के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना 7 अगस्त 2020 रात्रि 9 बजे भोपाल से हबीगंज एक्सप्रेस द्वारा प्रस्थान कर 8 अगस्त को प्रातः 3.50 बजे मुरैना आयेंगे। शेष कार्यक्रम मंत्री के निर्देशानुसार आगे तय किये जायेंगे।

### चंबल संभाग में 4 लाख 79 हजार 48 हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफबोनी

**मुरैना।** चंबल संभाग में इस वर्ष 5 लाख 26 हजार 80 हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफफसल लेने के लक्ष्य निर्धारित किया गया है, लक्ष्य के अनुसार संभाग के तीनों जिलों में 4 लाख 79 हजार 48 हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी हो चुकी है। जो लक्ष्य का 91.02 प्रतिशत है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुरैना जिले में 2 लाख 22 हजार 60 हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफफसल लेना प्रस्तावित है। अभी तक लक्ष्य के अनुसार 2 लाख 15 हजार 83 हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी हो चुकी है। जो 97 प्रतिशत है। इसी तरह भिण्ड जिले में 1 लाख 65 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफफसल लेना है। लक्ष्य के अनुसार अभी तक एक लाख 47 हजार 14 हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी कार्य हो चुका है। जो 89.18 प्रतिशत है। श्योपुर जिले में एक लाख 39 हजार 20 हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफफसल लेने का लक्ष्य रखा गया था, जिसकी तुलना में 1 लाख 16 हजार 51 हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी हो चुकी है। जो 83.70 प्रतिशत है।

### मुरैना जिले के उपभोक्ता अपनी आईडी प्रविष्टि कर एम-राशन एप व एम-राशन मित्र पोर्टल से भी देख सकेंगे

**मुरैना।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत ऐसे हितग्राही जिनकी पात्रता स्थानीय द्वारा सत्यापित कर दी है, लेकिन आधार कार्ड पोर्टल पर सीड नहीं किये गये हैं, उनको अपने आधार कार्ड सीडिंग स्थानीय निकाय जनपद पंचायत, नगर पालिका से कराया जाना है, ताकि उनकी पात्रता पर्ची शासन स्तर से जारी हो सके तथा ऐसे हितग्राही जो एम राशन मित्र पोर्टल पर सर्वे के दौरान (मृत, डुप्लीकेट, विवाह एवं अन्य कारणों से परिवार में नहीं रहने वाले) हितग्राहियों को पृथक किया जाना है। उपरोक्तानुसार हितग्राहियों की सूची जिले के वेबसाईट ीजजचेरू्ध्ध्उवतमदंण्दपबण्पदध् पर स्थानीय निकायवार एवं संबंधित उ.मू.दुकानों पर प्रदर्शित कराई गई है। जिन हितग्राहियों के नाम हटाने हेतु प्रस्तावित सूची में शामिल हैं। वे अपना परिवार एवं अपने सदस्यों की जानकारी सूची में देख लें।

### प्री-एग्रीकल्चर (पीएटी) की परीक्षा 8 व 9 अगस्त को

**मुरैना।** प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड भोपाल द्वारा प्री-एग्रीकल्चर टेस्ट (पीएटी) के लिए 29 जून तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। आवेदन पश्चात इसकी परीक्षा 8 व 9 अगस्त को आयोजित होगी। 8 अगस्त को 7 बजे से 8 बजे तक अभ्यर्थियों के लिए रिर्पोटिंग समय रहेगा। वहीं महत्वपूर्ण निर्देश पढ़ने का समय प्रातः 8.50 बजे से 9 बजे तक तथा उत्तर अंकित का समय प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक रहेगा। वहीं 9 अगस्त को दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक अभ्यर्थियों के लिए रिर्पोटिंग समय रहेगा।

वहीं महत्वपूर्ण निर्देश पढ़ने का समय दोपहर 1.50 बजे से 2 बजे तक तथा उत्तर अंकित का समय दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक रहेगा।

### जिले में अब तक 315.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**मुरैना।** जिले में 1 जून से अभी तक 315.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 47.8 मिलीमीटर वर्षा कम है। पिछले वर्ष इसी अवधि में जिले में 362.9 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। जिले की वार्षिक औसत वर्षा 706.9 मिलीमीटर है। जिले में सर्वाधिक 403 मिलीमीटर वर्षा मुरैना में दर्ज की गई है। जबकि सबलगढ़ में 400, जौरा में 350 मिलीमीटर, अम्बाह 267, पोरसा में 243, कैलारस में 227 और मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। 7 अगस्त को सुबह 8 बजे तक सर्वाधिक 37 मिलीमीटर वर्षा जौरा में, 16 मिलीमीटर वर्षा सबलगढ़ में, 12 मिलीमीटर वर्षा कैलारस में, 6 मिलीमीटर वर्षा मुरैना में, 3 मिलीमीटर वर्षा पोरसा में और 1 मिलीमीटर वर्षा अंबाह में दर्ज की गई।

## शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-3 गणेशपुरा मुरैना को रोटरी क्लब ने लिया गोद

**मुरैना।** मनुष्य जीवन पाकर प्रत्येक व्यक्ति के लिये यह आवश्यक है कि वह शिक्षा प्राप्त करें, व्यक्ति को शिक्षा प्राप्त की आवश्यकता इसलिये है, ताकि वह नई चीजों को सीख सकें। जीवन में सफलता प्राप्त कर सके। अपने जीवन को उन्नत बना सके। व्यक्ति जितना अधिक शिक्षित होगा, उसका जीवन उतना ही सफल और मूल्यवान होगा। एक सफल और सुखद जीवन जीने के लिये शिक्षा एक मौलिक आवश्यकता है। हमारे संविधान ने भारत के प्रत्येक नागरिक को शिक्षा का मौलिक अधिकार प्रदान



कलेक्टर ने पहुंचकर रोटरी क्लब के सहयोग से किया पौधरोपण

किया है। यह बात कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने वृक्षारोपण के समय शा.मा.विद्यालय क्रमांक-3 गणेशपुरा में कही। इस अवसर पर सीए श्री प्रकाश अग्रवाल, डॉ. संजय शर्मा, श्री राजकुमार गुप्ता, श्री कमलेश बंसल, श्री नरेंद्र गर्ग, श्री एस.के त्रिपाठी, श्री राकेश शर्मा, श्री दीपक मोदी, हैप्पी स्कूल संयोजक श्री प्रमोद कुलश्रेष्ठ, चेतन कुलश्रेष्ठ, अंशुल गोयल, मोहनलाल सिंघल, मनीष कंषाना, कोषाध्यक्ष तरुण शर्मा, सचिव पवन गुप्ता, अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल सहित रोटरी क्लब के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि शा.मा.विद्यालय क्रमांक-3 गणेशपुरा को गोद लिया गया है। जिसमें विद्यालय की आवश्यक पूर्तियों को दृढ़संकल्पित होकर पूर्ण किया जावेगा। इस विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक लगभग 500 छात्र-छात्रायें अध्ययनरत है। इस विद्यालय के भवन का रिनोवेशन कर इसे नव-निर्मित रूप प्रदान किया जावेगा। रोटरी क्लब से सत्र 2020-21 के लिये जिस विद्यालय को हेप्पी स्कूल बनाने के लिये चुना है, वहां प्रमुख रूप से आवश्यकतायें प्रदान की जायेंगी। विद्यालय में शौचालय तो है परन्तु उनकी स्थिति ऐसी नहीं है, जिन्हें प्रयोग किया जा सके। शौचालय के अभाव में छात्र-छात्रायें बहुत परेशान होते है, खासतौर पर किशोर वर्ग की वह छात्रायें जिनका मासिक धर्म लगभग इसी उम्र में प्रारंभ होता है। वो सबसे ज्यादा परेशान होती है और विद्यालय आना छोड़ देती है। हम यहां एक टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण कराना चाहते है। जिसमें छात्र एवं छात्राओं के लिये पृथक-पृथक टॉयलेट का निर्माण भी कराया जावेगा। इसी प्रकार पेयजल की व्यवस्था के रूप में विद्यालय में हैण्डपम्प उपलब्ध है, परन्तु यह पर्याप्त नहीं है, भीषण गर्मी के दिनों में बच्चों को शीतल और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। इसके लिये हम एक वाटर कूलर मय वाटर फिल्टर और स्टोरेज टैंक के साथ यहां लगवाना चाहते है। हाथ धोने की व्यवस्था हर विद्यालय में होना आवश्यक है ताकि बच्चे मध्यान्ह भोजन से पहले साबुन से अपने हाथों को धो सकें, वर्तमान में यहां ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। हम यहां कम से कम छः वाटर पॉइन्ट के साथ इस व्यवस्था को कायम करना चाहते है।

नो व्हीकल जोन में शहर के व्यापारी करें सहयोग एडीशनल एसपी श्री हंसराज सिंह

# व्यापारी, राजस्व एवं पुलिस मिलकर करेंगे कोरोना को परास्त



**मुरैना।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हंसराज सिंह ने निगम के अन्तर्गत संचालित दुकानदारों एवं व्यापारियों से अपील की है कि जिला प्रशासन, पुलिस का नो व्हीकल जोन में सहयोग प्रदान करें। वो दिन दूर नहीं, हम सब मिलकर प्रयास करेंगे तो कोरोना अवश्य परास्त होगा। यह बात उन्होंने शुक्रवार को नगर निगम के सभागार में मुरैना शहर के व्यापारियों को संबोधित करते समय कही। इस अवसर आयुक्त नगर निगम श्री अमरसत्य गुप्ता, एसडीएम मुरैना श्री आरएस बाकना, सीएसपी श्री सुधीर कुशवाह, स्टेशन रोड़ एवं सिटी कोतवाली टीआई सहित निगम के अन्तर्गत संचालित दुकान के दुकानदार उपस्थित थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हंसराज सिंह ने कहा कि मुरैना शहर में आने वाले ट्रेक्टर ट्रॉली, मेला ग्राउण्ड, गल्ला मंडी एवं बड़ोखर तक निर्धारित पार्किंग में प्रवेश करें। इसी प्रकार शहर के अन्तर्गत हनुमान चौराहा के पास डिवाइडर के समीप एवं स्टेशन रोड़ के समीप टू-व्हीकल एवं फोर व्हीकल पार्किंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके लिये व्यापारियों में से 11 लोंगो की समिति गठित की जावेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दुकानदार अपनी दुकान पर मास्क एवं सैनेटाइजर रखना सुनिश्चित करेंगे। ग्राहक अगर मास्क पहनकर नहीं आता है तो उसे मास्क उपलब्ध करायें। एक मास्क से हजारों जिंदगी बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि दुकान पर सोशल डिस्टेंसिग का पालन होना बहुत जरूरी है। आयुक्त नगर निगम श्री अमरसत्य गुप्ता ने कहा कि खेरिज सब्जी मंडी दत्तपुरा में किसी भी प्रकार के ठेले नहीं लगाये जायेंगे। जो चबूतरा जिस दुकानदार को आवंटित किया गया है, वह दुकानदार उसी स्थान पर सब्जी का विक्रय करेंगे।




# व्यक्तित्व विकास को कोई नहीं रोक सकता, बस लक्ष्य बना कर पढ़ाई करें: कलेक्टर

**मुरैना।** हमारे जिले के होनहार बच्चे हैं जिन्होंने कोरोन काल में भी सभी स्कूल कॉलेज बंद होने पर भी उन्होंने अच्छा परफोरमेंस दिया। जिसका परिणाम आज हम सब देख रहे हैं और उन्हें सम्मानित कर रहे हैं। व्यक्तित्व विकास को कोई नहीं रोक सकता, बस लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें सफलता अवश्य मिलेगी। यह बात कलेक्टर श्रीमती प्रियंकादास ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संबोधित करते हुये जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में कही। वे आज 10वीं एवं 12वीं के प्रदेश एवं जिला स्तर पर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित कर रही थीं। इस अवसर पर उन्होंने स्मृति चिन्ह एवं एक एक पौधा अपने घर पर लगाने के लिये भेंट किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षाधिकारी श्री सुभाषचंद्र शर्मा, राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री व्योमेश शर्मा, उत्कृष्ट नंबरों से उत्तीर्ण होने वाले छात्र छात्राओं के माता पिता उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने कहा कि कोरोना काल के दौरान सभी छात्र छात्राओं के लिये कठिन दौर रहा, इस समय स्कूल कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी का शेडयूल हमारे हाथ में नहीं है लेकिन वे खुद अपने आपका व्यक्तित्व विकास करें। नियमित कक्षायें नहीं चल पा रही हैं फिर भी जैसा संसाधन है वैसे ही पढ़ाई जारी रखें। कई छात्र ऑनलाइन के माध्यम से अपनी पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि माता पिता तो सिर्फ पढ़ाई का खर्च उठा सकते हैं किंतु छात्र छात्राओं में खुद टैलेंट होना चाहिये उन्होंने कहा कि कोई भी कैरियर बुरा नहीं होता अपने आप में टैलेंट होना चाहिये। यह बात जरूर है कि 12वीं की परीक्षाओं में बीच में कोरोना काल के समय व्यवधान रहा इससे कई विद्यार्थियों को व्यवधान के कारण पढ़ाई में परेशानी जरूर आई हैं किंतु टैलेंटेड छात्र हैं उन्होंने पढ़ाई कर अच्छे अंक प्राप्त प्राप्त किये हैं जिन्हें हम आज सम्मानित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगे जीवन में किसी भी प्रकार की सलाह या जरूरत पड़े तो बेझिझक मुझे सोशल मीडिया के माध्यम से अवश्य सूचित करें। प्रदेश की मेरिट सूची में मुरैना से हाईस्कूल परीक्षा में सातवां स्थान अभिषेक धाकड़, प्राची अग्रवाल, अनुशी सिंघल, शनी डण्डोतिया, नौवां स्थान में अमन गुप्ता, विनय सिंह तोमर और दसवां स्थान वैष्णवी जादौन ने प्राप्त किया है। हायर सैकेण्डरी में कृष्णा डण्डोतिया ने सातवां स्थान प्राप्त किया है। जबकि जिला स्तर की सूची में हाईस्कूल के प्रथम स्थान पर सिमरन यादव, निखिल गोयल, ग्रेसी जैन, अलीसा पचौरी, अमन गौर, कुमारी खुशी पचौरी, द्वितीय स्थान पर अभिनव गर्ग, अमन राठौर, गौरव यादव, मदनमोहन त्यागी, प्रांशी तोमर, जबकि तृतीय स्थान, मोहित शर्मा, अभिनाश शर्मा और पूजा राठौर ने प्राप्त किया। जिला स्तर पर हायर सैकेण्डरी कला समूह में प्रथम गौरव, द्वितीय कुमारी मनु सिकरवार, विज्ञान-गणित समूह में प्रथम स्थान विकास सिंह तोमर, दूसरा स्थान विवेक शमा, तीसरा स्थान दिया सिंघल, मनु जैन, रजत गोयल ने प्राप्त किया। वाणिज्य समूह में प्रथम स्थान अमित गुप्ता, दूसरे स्थान पर सूरज सिंघल और कृषि समूह में प्रथम स्थान कुमारी शिवानी धाकड़, गृह विज्ञान समूह में कुमारी निशा भिलवार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।



जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

# मृतक देवेन्द्र के शरीर पर किसी भी तरह के कोई भी कीड़े नहीं थे

**मुरैना।** जिला चिकित्सालय मुरैना के अधीक्षक सह सिविल सर्जन डॉ. ए.के. गुप्ता ने कहा है कि जिला चिकित्सालय मुरैना के पुरूष वार्ड में उपचार के लिये भर्ती मरीज देवेन्द्र की मृत्यु 6 अगस्त 2020 की सुबह 8.25 बजे हुई है। मरीज देवेन्द्र को मृत घोषित करने वाले ड्यूटी चिकित्सक डॉ. नरेन्द्र उपाध्याय द्वारा भी बताया गया है कि मृतक के शरीर पर किसी भी तरह के कोई भी कीड़े नहीं थे। मरीज देवेन्द्र के पलंग के आसपास वाले मरीजों एवं उनके परिजनों ने भी पुष्टि की है कि मरीज देवेन्द्र को चिकित्सक समय-समय पर देख रहे थे एवं उसके पास उसके परिवार का कोई भी सदस्य उपचार के दौरान उपस्थित नहीं रहा। सिविल सर्जन डॉ. गुप्ता ने बताया कि मृतक देवेन्द्र के शरीर में बदबू आने का कारण उसके द्वारा कपड़ों में शौच का निकल जाना था। सिविल सर्जन सह मुख्य जिला चिकित्सालय मुरैना के अधीक्षक डॉ. एके गुप्ता ने बताया कि मरीज देवेन्द्र वर्मा को दिनांक 31 जुलाई 2020 को उपचार के लिये जिला चिकित्सालय मुरैना के पुरूष वार्ड में भर्ती किया गया था। मरीज देवेन्द्र भर्ती होने के कुछ समय बाद दिनांक 1 अगस्त 2020 तक अपने पलंग से अनुपस्थित पाया गया। मरीज देवन्द्र वर्मा 2 अगस्त 2020 को पुनः मेडीकल वार्ड में उपचार हेतु पलंग पर दिखाई दिया। मेडीकल विशेषज्ञ डॉ. नागेन्द्र ऋषिश्वर ने मरीज देवेन्द्र का परीक्षण किया। परीक्षण के दौरान वह बवचक एवं बतवदपब सववेम उववजपवद ूपजी उमदजंस तमजंतकंजपवद (क्रोनिक फैफड़ों एवं दस्तो और मानसिक रोग से पीडित पाया) गया। सिविल सर्जन डॉ. गुप्ता ने बताया कि दिनांक 2 अगस्त 2020 से 5 अगस्त 2020 तक डॉ. नागेन्द्र ऋषिश्वर द्वारा मरीज देवेन्द्र वर्मा का प्रतिदिन उपचार एवं परीक्षण किया गया। चूंकि मरीज कपड़ों के अंदर ही शौच करता था, सफाई कर्मचारी द्वारा समय-समय पर उसकी सफाई करते रहे। मरीज के संबंध में पुलिस को भी लिखित में दी गई। किन्तु उसके परिवार से कोई भी व्यक्ति उसकी देखभाल के लिये उपस्थित नहीं हुआ। चिकित्सक द्वारा उसकी बीमारी से संबंधित उचित उपचार जैसे आई.वी. फ्लूड एवं जीवन रक्षक औषधियां उसे दी गई। सिविल सर्जन ने बताया कि मरीज देवेन्द्र वर्मा के उपचार में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं बरती गई है।

बदबू आने का कारण उसके कपड़ों में शौच के निकल जाने का था

## स्वर्गीय आसाराम लंबर की स्मृति में माथुर वैश्य धर्मशाला ट्रस्ट ने कराया सुंदरकांड पाठ

**पोरसा।** माथुर समाज के दानी महापुरुष स्वर्गीय आसाराम लंबर जी की पुण्य स्मृति में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुंदरकांड पाठ का आयोजन माथुर वैश्य धर्मशाला पोरसा मैं किया गया विगत पिछले वर्षों पुण्य तिथि के अवसर पर पूरे समाज का निमंत्रण कार्यक्रम किया जाता रहा है इस वर्ष कोरोना वायरस महामारी के कारण इस वर्ष ट्रस्ट के सदस्यों ने भोजन कार्यक्रम ना करने का निर्णय लिया माथुर वैश्य धर्मशाला ट्रस्ट की अध्यक्षा श्रीमती भागवती गुप्ता के सानिध्य में पंडित अनिल मिश्रा के द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया सुंदरकांड पाठ के बाद हनुमान जी की आरती की



गई और सभी को प्रसादी वितरण की गई पुण्यतिथि के अवसर पर स्वर्गीय श्री आशाराम लंबर को याद किया गया उन्होंने अपनी बेशकीमती जगह माथुर वैश्य समाज को समाज हित में दान की थी जो जगह आज माथुर वैश्य धर्मशाला के रूप में बनकर तैयार है जिसमें सभी समाज के लोग अपने छोटे बड़े कार्यक्रमों को आयोजित करते हैं इसका संचालन माथुर वैश्य धर्मशाला ट्रस्ट के सदस्य गण करते हैं सुंदरकांड पाठ के अवसर पर ट्रस्ट की अध्यक्षा श्रीमती भागवती गुप्ता डॉक्टर पीसी गुप्ता जसराम गुप्ता भाजपा मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता ज्ञानी राम गुप्ता बटेश्वर दयाल गुप्ता श्रीनिवास गुप्ता श्री कृष्ण गुप्ता जगदीश गुप्ता अन्नू गुप्ता डॉक्टर अनिल गुप्ता उमेश चंद्र गुप्ता दिलीप गुप्ता आदि समाजसेवी उपस्थित रहे




वेस्ट बैंक इलाके में एक व्यक्ति जिम में मास्क लगाकर अभ्यास करते हुए।

# आईपीएल में सख्ती से हो नियमों का पालन : नेस



**नई दिल्ली।** आईपीएल टीम किंग्स इलेवन पंजाब के सह मालिक नेस वाडिया ने कहा है कि कोरोना महामारी को देखते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सख्ती से सभी नियमों का पालन होना चाहिये। जिससे टूर्नामेंट में कोविड-19 का एक भी मामला सामने नहीं आये। वाडिया ने कहा, '' सभी टीम मालिक खिलाड़ियों और इसमें शामिल होने वाले अन्य लोगों की सुरक्षा के बारे में बहुत ज्यादा चिंतित हैं क्योंकि अगर संक्रमण का एक भी मामला सामने आ गया तो । आईपीएल बेकार हो जाएगा। '' वीवो के प्रायोजक के हटने को लेकर उन्होंने कहा कि चीनी कंपनी की जगह कोई और प्रायोजक आ सकता है इसलिए इसपर ज्यादा विचार की जरुरत नहीं है। उन्होंने कहा, ''मैं नहीं जानता कि बीसीसीआई ने टाइटल प्रायोजन के लिये क्या फैसला किया है। जहां तक टीम मालिकों की बात है सभी आईपीएल को सफल बनाना चाहते हैं। '' मौजूदा आर्थिक माहौल में वाडिया को उम्मीद है कि प्रायोजक जुड़ने के लिये कड़ी मेहनत करेंगे, भले ही टीम प्रायोजक हों या फिर आईपीएल प्रायोजक। उन्होंने कहा, ''सभी प्रायोजक कड़ी मेहनत करेंगे लेकिन यह आईपीएल सबसे ज्यादा देखा जायेगा। '' बीसीसीआई ने टीमों को 16 पेज की मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) भेजी है ताकि टूर्नामेंट का आयोजन अच्छी तरह से हो सके, जिसमें खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ, टीम अधिकारियों और मालिकों को जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में रहना होगा।

# सिंधु-साइना ने शुरु किया अभ्यास




**हैदराबाद।** कोरोना महामारी के कारण पिछले चार महीने से बंद बैडमिंटन खिलाड़ियों का अभ्यास शिविर आज से फिर यहां शुरु हुआ। इसमें टोक्यो ओलंपिक-2020 में क्वालिफाई करने वाले 8 बैडमिंटन खिलाड़ियों ने भाग लिया। अभ्यास शिविर पुलेला गोपीचंद एकेडमी में शुरू होगा। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने यह फैसला तेलंगाना राज्य सरकार द्वारा एक अगस्त को दिए गए आदेश के बाद लिया है, जिसमें सरकार ने 5 अगस्त से खेल गतिविधियां शुरू करने की मंजूरी दी है। पीवी सिंधु के अलावा इस शिविर में साइना नेहवाल, किदांबी श्रीकांत, अश्विनी पोनप्पा, साई प्रणीत, चिराग शेट्टी, सत्विकसाइराज रैंकीरेड्डी और एन. सिक्की रेड्डी हिस्सा ले रहे हैं। शिविर शुरू होने पर राष्ट्रीय बैडमिंटन टीम के कोच पुलेला गोपीचंद ने कहा, %मैं हमारे शीर्ष खिलाड़ियों के कोर्ट पर लंबे ब्रेक के बाद वापसी से खुश हूं। हम सुरक्षित वातावरण में अभ्यास करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।% साथ ही कहा कि खिलाड़ियों को पूरी सुरक्षा देने और सामाजिक दूरी के नियम का पालन करने के लिए एकेडमी को रंगों के हिसाब से बांटा गया है, जहां सिर्फ खिलाड़ी और प्रशिक्षक ही आ सकेंगे। वहीं, सहयोगी स्टाफ और प्रशासकों के लिए अलग जोन बनाए गए हैं और इन लोगों का एकद दूसरे के क्षेत्र में जाना प्रतिबंधित रहेगा। ट्रेनिंग स्वास्थ मंत्रालय और साई द्वारा तय की गई मानक प्रक्रिया को ध्यान में रखकर की जा रही है।

## कोरोना महामारी को लेकर नकारात्मका न फैलाएं : लारा

**जमैका।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ब्रायन लारा ने कहा है कि उनके कोविड-19 टेस्ट में पॉजिटिव आने की खबरें आधारहीन हैं। इससे पहले सोशल मीडिया पर कई पोस्ट में बताया जा रहा था कि लारा कोरोनावायरस से संक्रमित हैं, लारा ने कहा है कि उनका टेस्ट निगेटिव रहा है।इस दिग्गज बल्लेबाज ने कहा कि कुछ लोग इस महामारी के दौरान नकारात्मकता फैला रहे हैं जो सही नहीं है। लारा ने इंस्टाग्राम पर लिखा, मैंने उन अफवाहों को सुना है जिनमें मुझे कोविड-19 पॉजिटिव बताया जा रहा है। इसलिए मैंने अपना स्पष्टीकरण दिया है। यह जानकारी न सिर्फ गलत है बल्कि कोविड-19 के इस मुश्किल दौर में इस तरह की गलत खबरें फैलाना हानिकारक है। उन्होंने कहा, आपने मुझे निजी तौर पर प्रभावित नहीं किया, लेकिन चिंता का विषय यह है कि गलत जानकारी फैलाना लापरवाही है और इसने मेरे लोगों में गैरजरूरी चिंता पैदा कर दी। यह वायरस ऐसी चीज नहीं है जिसे हम नकारात्मकता फैलाने के लिए उपयोग में लें। मैं उम्मीद करता हूं कि हम सभी सुरक्षित रहे क्योंकि कोविड-19 का खतरा अभी टला नहीं है। इस वायरस के अभी समाप्त होने की संभावनाएं नहीं है।

# दिल्ली कैपिटल्स से खेलेंगे रहाणे



मुंबई। बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने कहा है कि वह आईपीएल में भाग लेने को लेकर उत्साहित हैं। रहाणे ने सोशल मीडिया के जरिये कहा कि वह आईपीएल के 13 वें सत्र में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेलेंगे। रहाणे पिछले साल नवंबर में राजस्थान रॉयल्स से दिल्ली कैपिटल्स आए थे। रहाणे के आने ने दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी बेहतर होगी। कोरोना वायरस के कारण आईपीएल अब सितंबर में यूएई में होगा। रहाणे ने कहा कि वह इसमें परिवार को भी ले जाना चाहते थे पर कोरोना के खतरे को देखते हुए यह इस बार संभव नहीं है। साथ ही कहा कि पिछले चार माह से घर में रहने के कारण अब खेल के लिए लय हासिल करना सबसे अहम होगा। यूएई के माहौल से तालमेल के लिए सभी को मानसिक रुप से तैयार रहना होगा। आईपीएल की शुरुआत मार्च में होनी थी पर महामारी फैलने के कारण इसे अनिश्चितकाल तक के लिए टाल दिया गया था। अब आईपीएल यूएई के तीन शहरों- दुबई, अबु धाबी, और शरजाह में खेला जाएगा।

# टी20 सीरीज के लिए पाक जाना चाहती है इंग्लैंड : सिल्वरवुड



**लंदन ।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड ने कहा है कि संक्षिप्त टी-20 सीरीज के लिए पाकिस्तान का दौरा किया जा सकता है। सिल्वरवुड को इसमें कोई खतरा नजर नहीं आ रहा है। इंग्लैंड टीम साल 2005-06 से ही सुरक्षा चिंताओं के कारण पाक दौरे पर नहीं गयी है। सिल्वरवुड ने कहा, 'मेरे लिए यह शानदार है कि पाक दौरे को लेकर एक बार फिर चर्चा हो रही है। हम दोबारा वहां जाने पर गौर कर रहे हैं। निजी तौर पर मुझे वहां जाने में कोई समस्या नहीं है।' सिल्वरवुड ने संकेत किए कि उनकी टीम यह दौरा करने की राह पर है। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड के बल्लेबाज पाकिस्तान की सपाट पिचों पर खेलने के लिए बेताब हैं। उन्होंने कहा, 'मैं कभी वहां नहीं गया इसलिए वहां आना और विकेटों को देखना अच्छा होगा। मुझे पता है कि हमारे बल्लेबाज उनकी विकेटों पर खेलने को लेकर उत्सुक हैं।' पहले पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सीईओ वसीम खान ने ईसीबी से कहा था कि 2022 दौरे से पहले पाक में अपनी टीम भेजने पर विचार करें।

## यूरोपा लीग के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा सेविला

**ड्यूसबर्ग।** सेविला क्लब छठी बार यूरोपा लीग फुटबॉल खिताब जीतने की ओर बढ़ रहा है। सेविला ने यहां अंतिम-16 के एक मुकाबले में रोमा को 2-0 से हराकर एक कदम और आगे बढाया है। सेविला के अलावा वॉल्वरहैम्प्टन, बेयर लीवरकुसेन और बेसल क्लब भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये हैं। सर्जियो रेगुलोन ने मैच के 21वें मिनट में पहला गोल किया जबकि यूसुफ ईन-नेसरी ने 44वें मिनट में एक गोल दाग कर बढ़त को 2-0 कर दिया। अब क्वार्टर फाइनल में सेविला का मुकाबला वोल्वस से होगा। वोल्वस ने ओलंपिआकोस को 1-0 से हराकर कुल 2-1 की बढ़त के साथ 48 साल में पहली बार यूरोपा लीग के क्वार्टर फाइनल में क्वालीफाई किया है। राउल जिमीनेज ने नौवें मिनट में मैच का एकमात्र गोल किया। वहीं बेयर लीवरकुसेन ने रेंजर्स को 1-0 से हराया जिसे क्वार्टर फाइनल में इंटर मिलान से खेलना है। बासेल ने फाबियान प्रेई को हराया।

# चांदी ने तोड़े सारे रेकॉर्ड 80 हजार तक पहुंची



**नई दिल्ली।** चांदी ने सारे रेकॉर्ड तोड़ दिए हैं, इसकी कीमत 80 हजार के करीब पहुंच गई है। वहीं सोना भी 7 सालों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। वै ?श्विक बाजार में सोना दो हजार डॉलर के पार 2058 डॉलर प्रति आउंस तक पहुंच चुका है। यह सात सालों का उच्चतम स्तर है। 31 जुलाई को सोना 1973 डॉलर प्रति आउंस पर बंद हुआ था। अगस्त के महीने में अब तक वह 2072 डॉलर तक के उच्चतम स्तर को छू का है। वहीं चांदी गुरुवार को 28.40 डॉलर प्रति ट्रॉय आउंस पर बंद हुई। एमसीएक्स पर शुक्रवार सुबह के 10.40 बजे अक्टूबर डिलिवरी वाले सोने की कीमत में 15 रुपए की गिरावट देखी जा रही है। इस समय यह 55830 के स्तर पर ट्रेड कर रहा है। गुरुवार को यह 55845 के स्तर पर बंद हुआ था।

## आरबीआई ने बैंकों को म्यूचुअल फंड के जरिए बांड में निवेश की अनुमति दी

**मुंबई।** बांड बाजार के विस्तार को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को बांड में निवेश करने की अनुमति दे दी। बैंक म्यूचुअल फंड और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड के माध्यम से बिना किसी अतिरिक्त शुल्क आवंटन के बांड प्रतिभूतियों में निवेश कर सकेंगे। बासिल तीन दिशानिर्देशों के अनुसार यदि कोई बैंक सीधे बांड प्रतिभूति हासिल करता है तो उसे म्यूचुअल फंड या एक्सचेंज ट्रेडेट फंड के माध्यम से उसी बांड में किए गए निवेश के बदले कम पूंजी का आवंटन करना होता है। रिजर्व बैंक की द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा नीति को जारी करने के बाद केंद्रीय बैं के गर्वनर शक्तिकांत दास ने कहा कि मौजूदा व्यवस्था में अलग-अलग तरह के व्यवहार को सामान्य बनाते हुए यह निर्णय किया गया है।

# गिरावट के साथ खुले बाजार

## सेंसेक्स 37,787 और निफ्टी 11,200 के स्तर पर




**मुंबई।** वैश्विक बाजारों से कमजोर संकेतों के चलते प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स में शुक्रवार को शुरुआती कारोबार के दौरान 200 अंकों से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में गिरावट हुई। शुरुआती सत्र में बीएसई सेंसेक्स 37,787.38 के स्तर तक गिर गया। हालांकि बाद में इसमें थोड़ा सुधार हुआ और यह 151.50 अंक की गिरावट के साथ 37,873.95 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एनएसई निफ्टी 32.95 अंक गिरकर 11,167.20 पर था। सेंसेक्स में सबसे अधिक एक प्रतिशत की गिरावट एचसीएल टेक में हुई। इसके अलावा एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस, सन फार्मा, आईसीआईसीआई बैंक और कोटक बैंक में भी गिरावट हुई। दूसरी ओर एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक और टीसीएस फायदे में थे। पिछले सत्र में सेंसेक्स 362.12 अंक बढ़कर 38,025.45 पर बंद हुआ था, जबकि निफ्टी 98.50 अंक उछलकर 11,200.15 पर बंद हुआ था।





# संगीत सम्राट तानसेन की जन्मस्थली बेहट को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जायेगा

## कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कार्ययोजना तैयार करने के दिए निर्देश

**ग्वालियर 07 अगस्त।** संगीत सम्राट तानसेन की जन्मस्थली बेहट में शिव मंदिर परिसर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जायेगा। विश्व भर में संगीत सम्राट तानसेन की जन्मस्थली बेहट प्रसिद्ध है। प्राकृतिक दृष्टि से भी यह परिसर बहुत ही सुंदर और रमणीक है। परिसर के पास से ही निकलने वाली झिलमिल नदी इस स्थल को और आकर्षण का केन्द्र बनाती है। बेहट के इस परिसर को बेहतर बनाने के लिये एक विस्तृत प्लान तैयार करने के निर्देश कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने संबंधित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने शुक्रवार को बेहट क्षेत्र का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों का अवलोकन करने के साथ-साथ संगीत सम्राट तानसेन की जन्मस्थली और साधना स्थली का भी अवलोकन किया। बेहट के प्राचीन शिव मंदिर में पूजा करने के पश्चात उन्होंने सम्पूर्ण परिसर का अवलोकन किया। परिसर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिये उन्होंने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राजीव मिश्रा को निर्देश दिए हैं कि इस परिसर को विकसित करने के लिये एक कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि परिसर के पास से ही निकलने वाली झिलमिल नदी को भी और आकर्षण का केन्द्र बनाने के लिये कार्य योजना में आवश्यक कार्य जोड़े जाएं। इसके साथ ही सम्पूर्ण परिसर को व्यवस्थित करने के साथ-साथ हरा-भरा बनाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस मौके पर परिसर में पाँच पौधों का रोपण भी किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्रीमती पुष्पा पुषाम, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राजीव मिश्रा, तहसीलदार सुश्री मधुलिका सिंह, सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह जब संगीत सम्राट तानसेन की जन्मस्थली बेहट में शिव मंदिर परिसर पहुँचे तो मंदिर के वयोवृद्ध पुजारी श्री रामप्रसाद ने मंदिर के तिरछे होने के साथ-साथ तानसेन के संबंध में रोचक जानकारी दी। पुजारी ने बताया कि तिरछे मंदिर के पास लगे पेड़ भी अनेकों वर्ष पुराने हैं। मंदिर के साथ-साथ पेड़ भी तिरछे दिखाई देते हैं। पुजारी ने यह भी बताया कि तानसेन की जन्मस्थली बेहट में वर्ष भर देश-विदेश के संगीतकार आते हैं और दर्शन कर संगीत सम्राट तानसेन के प्रति श्रृद्धांजलि अर्पित करते हैं। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बेहट में पंचायत के द्वारा 27 लाख 62 हजार रूपए की लागत से निर्मित की गई गौशाला का भी अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गौशाला बनकर तैयार हो गई है। एक सप्ताह के अंदर इसमें गायों को रखने का कार्य भी शीघ्र प्रारंभ किया जाए। इसके साथ ही गौशाला में भी छोटी-छोटी कमियां हैं उसे भी तत्काल दूर किया जाए। गायों की देखरेख के लिये ग्रामीणों की सहभागिता भी ली जाना चाहिए।

तालाब निर्माण का अवलोकन कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बेहट भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत के माध्मय से निर्मित किए जा रहे तालाब निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया। मनरेगा के तहत रोजगार उपलब्ध कराने के लिये तैयार किए जा रहे तालाब निर्माण में लगे श्रमिकों से भी उन्होंने चर्चा की। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राजीव मिश्रा को निर्देशित किया कि जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिये अधिक से अधिक तालाब निर्माण के कार्य ग्रामीण क्षेत्रो में किए जाएं। सभी गाँवों में स्वरोजगार के लिये निर्माण कार्यों के माध्यम से ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने तालाब निर्माण स्थल के समीप पड़ी खुली भूमि पर वृहद वृक्षारोपण करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही सभी गाँवों में अधिक से अधिक वृक्षारोपण के कार्य को कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा पर्यावरण संरक्षण के लिये जनभागीदारी से भी अधिक से अधिक वृक्षारोपण हो, इसके लिये जन जागृति अभियान भी ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जाए।

# ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर क्वारेंटाइन हुए

ग्वालियर. ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर का रेसकोर्स रोड स्थित बंगला नंबर 38 पांच दिन के लिए बंद कर दिया गया है इसके पीछे कारण यह है कि यहां बैठकर जनता की बिजली संबंधित समस्या सुनने वाले एक जेई कोरोना पॉजिटिव मिले है इसके बाद प्रद्युम्न सिंह तोमर खुद ने खुद को क्वारेटाइन कर लिया है। वहीं अन्य स्टाफ के लोगों और इस दौरान उनके संपर्क में आने वालों को भी जांच कराने और एहतियात बरतने की बात की है। प्रद्युम्न सिंह ने ऊर्जा मंत्री बनने के बाद अपने



सरकारी आवास पर ही अस्थाई शिकायत केंद्र खोल दिया गया था जहां सीधे ही लोगों की बिजली समस्याएं अधिकारियों द्वारा सुनी व निराकृत की जा रहीं है। यहां तैनात किए गए एक जेई मुकेश सक्सेना को कोरोना संक्रमित मिले है। इस जानकारी के मिलते ही यहां ड्यूटी करने वाले बिजली अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया वहीं आवास में तैनात स्टाफ भी भयभीत हो गया था जिसके चलते प्रद्युम्न सिंह ने खुद को क्वारंटाइन करते हुए कहा है कि सभी के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अब 5 दिन तक बंगले से कोई गतिविधि संचालित नहीं होगी।

## कोविड केयर सेंटर की निगरानी के लिये प्रभारी अधिकारी नियुक्त

**ग्वालियर।** कोरोना संक्रमित मरीजों के उपचार के लिये स्थापित किए गए नए कोविड केयर सेंटर सह अस्पताल में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए हैं। इन अधिकारियों द्वारा संक्रमित मरीजों के इलाज की समुचित व्यवस्था कराई जायेगी। साथ ही ये सेंटर की निगरानी भी रखेंगे। पुरानी छावनी स्थित संत निरंकारी आश्रम में स्थापित किए गए कोविड केयर सेंटर के प्रभारी अधिकारी का दायित्व सर्वशिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्व्यक श्री संजीव शर्मा (मोबा. 94257-80022) को सौंपा गया है। इसी तरह हुरावली स्थित शासकीय उत्कृष्ट सीनियर छात्रावास क्र.-1 व 2 तथा शासकीय जनजातीय महाविद्यालयीन छात्रावास में बनाए गए कोविड केयर सेंटर की निगरानी के लिये जिला शिक्षा अधिकारी श्री विकास जोशी (मोबा. 98261-62045) को नियुक्त किया गया है।

## स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक युवाओं के लिए 11 से 14 अगस्त तक वेबीनार का आयोजन

**ग्वालियर।** स्वयं का उद्योग व व्यवसाय स्थापित करने के इच्छुक जिले के युवाओं के लिए ऑनलाइन उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम (वेबीनार) का आयोजन किया जायेगा। उद्यमिता विकास केन्द्र (सैडमैप) के तत्वावधान में यह वेबीनार 11 से 14 अगस्त तक दोपहर 2 बजे से सायंकाल 5 बजे तक आयोजित होगी।

## कारसेवक शंकरलाल शर्मा और नारायण दास माहौर का राम मंदिर का शिलान्यास पर सम्मान किया



ग्वालियर। ग्वालियर से 28 वर्ष पहले कार सेवा करने गए कारसेवकों का ग्वालियर सांसद विवेक नारायण शेजवलकर और जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी ने शंकर लाल शर्मा और नारायण दास माहौर के निवास पर पहुंचकर प्रतीकात्मक तौर पर शॉल श्रीफल से सम्मानित किया। कारसेवक शर्मा और माहौर ग्वालियर से अयोध्या गए थे, इसी के तहत सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने शंकर दयाल शर्मा और नारायण दास माहौर के आवास पर पहुंचकर उनका सम्मान किया। शर्मा और माहौर 28 वर्ष पूर्व राम मंदिर के लिए कार सेवा करने वाले जो कि बाबरी मस्जिद ढांचा विध्वंस हुआ उस समय वह ग्वालियर से जाने वाले सबसे वयोवृद्ध कार सेवकों में से थे। इस अवसर पर सांसद शेजवलकर ने कहा कि यह एक स्वर्णिम अवसर है, 500 वर्ष का इंतजार पूरा हुआ है तथा भगवान राम का भव्य मंदिर का कार्य शुरू हो रहा है जो कि देश ही नहीं विश्व के लिए गर्व की बात है ।

## दो युवक रेल से कटे ...अधेड़ फांसी पर झूला

**ग्वालियर।** शहर के झांसी रोड थाना क्षेत्र में रेल से कटकर दो युवकों की मौत हो गई वहीं पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के जिगसौली नहर के पास नीम के पेड़ से एक अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है! जानकारी के अनुसार झांसी रोड थाने को बैटरी के गैंगबैंग ने सूचना दी कि रेल की पटरी पर एक युवक की लाश पड़ी है सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मृतक के शव को कब्जे में लिया तभी पुलिस को झाड़ियों में एक युवक का शव मिला ! दोनों मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी है उनकी उम्र 25 से 30 साल के करीब है! पुलिस का अनुमान है कि युवक चलती ट्रेन से गिर गए होंगे और उनकी मौत हो गई पुलिस ने दोनों शवों को पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर उनकी शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं!

## व्यापारियों से पत्ती के नाम पर 31 लाख हड़पे

**ग्वालियर।** शहर के माधव गंज थाना क्षेत्र में रहने वाले एक व्यापारी ने पत्ती के नाम पर अपने कारोबारी साथियों उसको 31 लाख का चूना लगा दिया! पुलिस ने आरोपी के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है! जानकारी के अनुसार माधव गंज थाना क्षेत्र के मामा को बाजार निवासी राम कुमार ने अपने कारोबारी साथियों मोहन सचदेवा जगदीश कुकरेजा नवीन आहूजा राजेश सुखवानी तथा हुकुमचंद जयसवाल के साथ एक कमेटी बनाकर पत्ती डालना शुरू किया था जिसका अध्यक्ष हुकुम चंद जायसवाल को बनाया था! पैसे जमा होने पर पहली बार में हुकुमचंद ने पैसे ले लिए उसके बाद प्रतिमा अपने साथियों से पत्ती के पैसे जमा करता रहा जब यह रकम 31 लाख से अधिक हो गई तो कारोबारियों ने अपने पैसे मांगना शुरू कर दिए इस पर हुकुम चंद ने उन्हें पैसे देने से मना कर दिया और झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी बाद में फरियादियों ने मालूम थाने में शिकायती आवेदन दिया पुलिस ने जांच के बाद हुकुमचंद के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है!

# वर्ष 2019 में थाना कम्पू क्षेत्र में हुई लूट का हुआ पर्दाफाश

## हजीरा पुलिस ने दो आरोपियों को कट्टा व राउंड सहित किया गिरफ्तार

**ग्वालियर।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी ;भापुसेद्ध एअतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर ;मध्यद्ध श्री पंकज पांडेय व नगर पुलिस अधीक्षक महाराजपुरा ग्वालियर श्री रवि भदौरिया के निर्देशन व पुलिस थाना हजीरा ग्वालियर थाना प्रभारी आलोक परिहार के नेतृत्व में पुलिस थाना हजीरा टीम को दिनांक 6ध्8ध्20 की रात मुखबिर ने सूचना दी कि दो युवक एक स्कूटी से गोला के मंदिर की तरफसे संजय नगर पुल से यादव धर्म कांटा की तरफवारदात करने की नियत से आने वाले हैं । पुलिस थाना हजीरा की टीम ने संजय नगर पुल पर चेकिंग की व दो युवक एक नीली सफेद रंग की मेस्ट्रो स्कूटी नंबर डच्07 ैड0288 पर जाते दबोच कर तलाशी ली तो स्कूटी में सवार एक युवक नितिन वर्मा उर्फ छोटू कोली पुत्र चेतराम कोली उम्र 20 वर्ष निवासी नरसिंह नगर हजीरा ग्वालियर के कब्जे से एक कट्टा 315 बोर व एक राउंड 315 बोर व उसके साथी नाबालिक उम्र 17 वर्ष निवासी चंदनपुरा के



पास एक राउंड 315 बोर मिला ।कट्टा राउंड मेस्ट्रो स्कूटी जप्त कर आरोपी गण को गिरफ्तार किया । पुलिस थाना हजीरा में अपराध क्रमांक 239ध् 20 धारा 25ध्27आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध किया । पुलिस थाना कंपू क्षेत्र की लूट का हुआ पर्दाफाश गिरफ्तार किए गए आरोपी गण से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि थाना कंपू क्षेत्र में लूट की है । आरोपी नितिन वर्मा व उसका नाबालिक साथी ने दिनांक 27 ध्9ध्19 को दिन 2रू30 बजे चना कोठार लश्कर स्थित पुरुषोत्तम गोयल की परचूनी की दुकान पर मेस्ट्रो स्कूटी से जा कर पुरषोत्तम गोयल से अगरबत्ती का पैकेट खरीदने के लिए मांगा व कट्टा दिखाकर गल्ला से 16000 रुपये लूट कर ले गए । थाना कंपू में पुरुषोत्तम गोयल के पुत्र गोविंद गोयल ने रिपोर्ट की थी जिस पर अपराध क्रमांक 449 ध्19धारा 392प्च्ब् 11ध्13 डच्क्टच्ज्ञ ।बज का प्रकरण दर्ज है। पुलिस थाना हजीरा द्वारा जब्त शुदा मेस्ट्रो स्कूटी नीली सफेद रंग नंबर डच्07 ैड 0288 से की थी उक्त लूट की वारदात जो मोहन लाल कोली निवासी नर सिंह नगर हाल चंदनपुरा के नाम से है । अन्य वारदातों का भी हो सकता है खुलासा . उक्त आरोपी गण ने शहर में मुरारए बाड़ा व अन्य क्षेत्र की दुकानों के गल्ला मैं भी दुकानों केरला से कला से चोरी की घटनाएं घटित करना बताया है । नाबालिक आरोपी पूर्व में पुलिस थाना कोतवाली में दुकान के गल्ला से चोरी करने के मामले में गिरफ्तार होकर बाल संप्रेक्षण गृह में रह चुका है ।यह दोनों अपने शौक पूरा करने के लिए लूट व चोरी की घटनाएं घटित करते थे । सराहनीय भूमिका . उनि0 गौरव नागावत ए सउनि0 रविन्द्र सिंह कुशवाहए प्रआर0 शैलेंद्र सिंह चौहानए आरक्षक लेखराज सिंहए शिव सिंहए जनक सिंहए लवकुश यादवए गिरजा शंकर मुदगल व जितेंद्र जादौन टीम शामिल में थे । मुख्य भूमिका प्रधान आरक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान व आरक्षक लेखराज की रही ।

## छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
( Min. size 5×9 )
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु

नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

## प्रतिभा हम निखारेंगे

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थिति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।

*हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।*

पुष्पांजली टुडे
E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207

नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478